ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 4, अंक 99, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 14

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 13

## पहले लोग डरते थे, अब डरता है माफिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए श्रवण गौड़ के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और पारिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। जनता के वोट की ताकत से जहां अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं मां विंध्यवासिनी का भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सांसद पकौड़ी लाल कोल आदि मौजूद रहे।



- प्रधानमंत्री ने कहा- सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते-धोते बीता : मोदी

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

**प. बंगाल के समुद्र तटों से टकराएगा तूफान, एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया**

## चक्रवात रेमल : प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने के उपायों पर चर्चा के साथ निर्देश दिए गए। तूफान के बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल के बीच के समुद्र तटों पर आधी रात को दस्तक देने की आशंका है। चक्रवात से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों और कोलकाता में भारी बारिश हुई है।

मौसम कार्यालय के अनुसार, रेमल के रविवार आधी रात तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में सागर द्वीप और खेपुपाड़ा के बीच बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की आशंका है। इससे प्रभावित तटवर्ती इलाकों में 110-120 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी और यह गति 135 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने कई ट्रेन का परिचालन रद कर दिया है। तटीय क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों में पहुंचाया है।



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफ कर्मी। ● एजेंसी

### ओडिशा के 4 जिलों में बारिश की चेतावनी

**भुवनेश्वर।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' के तेज गति से तट की तरफ बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने ओडिशा के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चक्रवात के प्रभाव से भद्रक, बालासोर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश का अनुमान है।

### त्रिपुरा में चार जिलों में जारी किया रेड अलर्ट

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने रविवार को चार जिलों-दक्षिण, धलाई, खोवाई और पश्चिम में रेड अलर्ट जारी किया। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ तूफान आने, 60 से 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, इसलिए यहां रेड अलर्ट जबकि शेष जिलों में ऑरेंज, येलो अलर्ट जारी किया गया है।





**एक नजर**

### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** बीएसएफ ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी। रविवार सुबह 5:20 बजे बीएसएफ को गुरदासपुर के गांव अगवान में हेरोइन के दो पैकेट मिले। इसमें 11 किलो 36 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को निष्क्रिय कर बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद हुए। गश्त के दौरान, सेना ने सड़क के किनारे रखे तीन आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किया।

# नैनीताल में उमड़े हजारों पर्यटक रास्तों पर 10-15 किमी लंबा जाम

### सरोवर नगरी के लिए जाने वाले हाईवे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गर्मी की छुट्टी होने से नैनीताल में हजारों पर्यटकों के पहुंचने से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर 7-8 घंटे जाम लगा रहा। इसमें पर्यटकों के वाहन समेत कई एंबुलेंस फंसे रहे। पुलिस ने सुबह से लगे जाम को शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही गर्मी व स्कूलों की छुट्टी होने से पर्यटक नैनीताल आ रहे हैं, जिससे नैनीताल व आसपास के होटल फुल हैं वहीं हजारों वाहनों के आने से रास्ते जाम हो गए हैं। रविवार को नैनीताल जाने वाले हाईवे पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे लगा जाम शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निपटने के लिए पार्किंग एवं शटल सेवा, जिनकी बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर ये इंतजाम नाकाफी रहे। जाम से लोगों परेशान रहे। यही स्थिति कुमाऊं में हल्द्वानी-भीमताल-भवाली-अल्मोड़ा मार्ग पर जाम लगने से बनी रही। पहाड़ से आने जाने वालों को भी जाम से जुझना पड़ा। कई जगह एंबुलेंस फंसी रहीं। 6-7 घंटे बाद जाम खुला।

**शहर से बाहर वाहन रोकने पर पुलिस और व्यापारियों में झड़प :** पर्यटकों के वाहन नैनीताल से बाहर रोकने पर व्यापारियों और पुलिस से झड़प हुई। होटल एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि शहर की पार्किंग खाली हैं, वाहनों को बाहर रोका जा रहा है ऐसे में होटल व्यवसाय चौपट हो जाएगा। व्यापारियों ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन भी किया। (विस्तृत पेज-2 पर)



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

### यहां रोके जा रहे वाहन

काठगोदाम से नैनीताल जाने वाले वाहनों को रूसी बाइपास की पार्किंग में रोक कर शटल सेवा से भेजा जा रहा है। अल्मोड़ा से आने वाले वाहनों को भवाली में मस्जिद तिराहे पर, दिल्ली से वाया कालाढूंगी जाने वालों को नारायण नगर में और सिर्फ घूमने वालों के वाहन खड़े कराकर शटल सेवा से आवाजाही कराई जा रही है।

> पर्यटकों की अधिक संख्या होने से यातायात का बोझ बढ़ गया है। पुलिस बल को यातायात दुरुस्त करने में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर रोका जा रहा है। **- प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी के दर्शनों को आने वालों की संख्या अधिक होने से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक 40 किमी वाहन रेंगते रहे। भीमताल, भवाली मार्ग पर वाहनों की कतार से लोगों को परेशानी हुई। पुलिस ने अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ से आने वाले वाहनों को क्वारब से वाया रामगढ़ होते हुए भवाली भेजा। भवाली व भीमताल में दवाब बढ़ने से नगर में जाम लगा रहा।

## पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ विवेक विहार पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक्स पर शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- आसपास की कई इमारतें, वाहन और एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

## माफिया की नई श्रेणी में पशु और शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

- शिक्षा माफिया अभी एक, पशु माफिया की श्रेणी में 30 नाम
- पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं।

राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है।

### जोन में किस श्रेणी के कितने माफिया हैं

लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

### शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम

पुलिस ने शिक्षा माफिया की श्रेणी बनाने के बाद नाम भी दर्ज करना शुरू कर दिया है। अभी इस श्रेणी में केवल एक ही नाम दर्ज है। अंबेडकरनगर जिले के लखीमपुर थाना आलापुर निवासी मनोज गोस्वामी को लखनऊ जोन में घोषित शिक्षा माफिया की श्रेणी में रखा गया है। मनोज पर जिले के आलापुर और टांडा थाने में छह मामले दर्ज हैं। यहीं से गैंगेस्टर लगाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## ऑनलाइन फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले हरिद्वार के चार ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

- अब तक दिल्ली, नोएडा व हरिद्वार के 8 एजेंट हो चुके हैं गिरफ्तार

**अमृत विचार :** पुलिस ने चारधाम यात्रा में फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले चार ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंट को गिरफ्तार किया है। चारों ने श्रद्धालुओं के फर्जी रजिस्ट्रेशन किए थे।

एसएसपी के निर्देशानुसार 24 मई को विकास नगर कोतवाली पुलिस हरबर्टपुर बस स्टैंड, कटापत्थर बैरियर पर टूरिस्ट केयर एप से यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की जांच कर रही थी। इस बीच कई के रजिस्ट्रेशन फर्जी मिले। जांच में पता चला कि यात्रियों ने ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंट से रजिस्ट्रेशन कराए थे। इस पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रविवार को ऋषभ गुलाटी पुत्र विनय गुलाटी (गंगा टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी के संचालक) निवासी भैंरो मंदिर कॉलोनी, आशुतोष पुत्र नत्थूराम निवासी कनखल, भूपेश शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासी भारतमातापुरम भूपतवाला और नीरज पुत्र रोशनलाल तनेजा निवासी मुख्य गली भूपतवाला को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 467, 468, 471,120 बी बढ़ाई गई। जांच में पता चला कि रजिस्ट्रेशन की आड़ में यात्रियों से मोटी रकम ली गई थी। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, एक मोबाइल बरामद हुआ है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा के नाम पर यात्रियों के फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। अब तक फर्जीवाड़ा के आरोप में 8 ट्रैवल एजेंसी संचालक/एजेंटों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### ऐसे करते हैं फर्जीवाड़ा

आरोपियों ने गुजरात के 27 यात्रियों और राजस्थान के भीलवाड़ा के 22 यात्रियों को बद्रीनाथ हेमकुंड साहिब की यात्रा का उत्तराखंड टूरिस्ट डेवलपमेंट बोर्ड साइट से फर्जी रजिस्ट्रेशन बनाकर एक ही क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर फर्जी रजिस्ट्रेशन किया। रजिस्ट्रेशन स्लीप में यात्रा की फर्जी तारीख अंकित थी।

## अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल पर लगाएं प्रतिबंध

- सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं।

## बताएं, किस कानून से चल रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

**गेम जोन हादसा**

- हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।



## पहाड़ों पर बारिश से राहत, मैदान में गर्मी का कहर जारी

**देहरादून में अधिकतम तापमान 40.2, हल्द्वानी में 42 तो काशीपुर में 42.2 डिग्री सेल्सियस**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजय के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश जारी है। पिछले कई दिनों से पहाड़ों में बार-बार बारिश हो रही है तो मैदानी इलाकों में लू और गर्मी ने कहर बरपा रखा है।

रविवार को राजधानी देहरादून में अधिकतम तापमान 40.2, हल्द्वानी में 42 तो काशीपुर में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री ज्यादा दर्ज हुआ है। मैदानी इलाकों में रातें गर्म हैं। लू और तपिश से लोग परेशान हैं। आगे भी मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान है। पहाड़ों पर चौखुटिया में 26, अगस्त्यमुनि में 22.5, कनालीछीना में 10, ऊखीमठ में 9.5, जखोली में 6, गरुड़ में 5.5 और देवीधूरा में 3.5 मिमी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले में तीव्र बारिश और झोंकेदार हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल, चमोली, चंपावत और टिहरी और पौड़ी जिलों में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।



हल्द्वानी में गर्मी के चलते रामपुर रोड पर छाता लेकर जातीं मेडिकल की छात्राएं।

### दो जून के बाद राहत की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार नौ दिनों तक सूरज की रोशनी को सीधे पृथ्वी पर पड़ने की घटना को नौतपा कहा जाता है। अभी नौतपा चल रहा है। दो जून के बाद ही गर्मी में कमी आएगी। फिलहाल मैदानी इलाकों में बारिश के भी आसार नहीं है। राहत ये कि पहाड़ों में बारिश होने से वनाग्नि शांत हो गई है।

### रातें औसतन तापमान से चार से पांच डिग्री ज्यादा गर्म

देहरादून में न्यूनतम तापमान सामान्य से 5, हल्द्वानी में 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हैं। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों मैदानी इलाकों में रातें सामान्य से औसतन पांच से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म हैं।

> नौतपा से तापमान में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिस वजह से रात में भी मौसम गर्म रहेगा। राहत है कि कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में रुक-रुक बारिश हो रही है। **डॉ. आरके सिंह**, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि विवि

## एक नजर

### शिविर में 70 ग्रामीणों की आंखों की निशुल्क जांच 15 को ऑपरेशन की सलाह

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सभा भुमका में सुभानु आई हॉस्पिटल हल्द्वानी के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में 70 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान 15 लोगों को मोतियाबिंद, पर्दे की जांच एवं ऑपरेशन की सलाह दी गई। ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध ने सुभानु हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. भानु पांगती एवं डॉ. शोभा पांगती को धन्यवाद दिया। कैंप में ग्राम नाई, कोटली, हरिनगर, भुमका के ग्रामीणों ने आंखों की जांच कराई। जिन ग्रामीणों के ऑपरेशन होने हैं उनका 27 मई को आने जाने की गाड़ी की व्यवस्था के साथ-साथ ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। शिविर में अस्पताल की ओर से डा. विवेक, मार्केटिंग पीआरओ आनंद, सपोर्टिंग स्टाफ योगेश जोशी तथा परीक्षण में शामिल होने वाले खीम राम, विद्यावती, पार्वती देवी, दीवान राम, प्रताप सिंह, ममता, सुंदर राम, जमुना देवी, राधिका देव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कॉर्बेट फॉल में दो पर्यटकों के बेसुध होने पर कर्मचारियों में हड़कंप

**कालाढूंगी :** रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत नयागांव स्थित कॉर्बेट फॉल में दो पर्यटकों के बेसुध होने पर वन विभाग कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वनकर्मियों ने दोनों को अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया। रविवार को कॉर्बेट फॉल नयागांव में अनेक पर्यटकों से खचाखच भरा हुआ था। बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी यहां अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। दिन में दो बजे नहाते हुए दो पर्यटक बेसुध हो गये। पर्यटकों के बेसुध होने की सूचना पर वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वनकर्मी दोनों को अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। दोनों को देर शाम तक होश नहीं आया था। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि पवन जोशी निवासी हल्द्वानी व भाष्कर जोशी निवासी खटीमा अधिक शराब पीने की वजह से बेहोश हो गये थे।


नैनीताल में मल्लीताल स्थित डीएसए की पार्किंग रविवार को पर्यटकों के वाहनों से फुल रही। ● अमृत विचार


भीमताल में लगे लंबे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### बिना होटल बुकिंग वाले वाहनों को शहर में नहीं मिला प्रवेश

**नैनीताल :** रविवार को पुलिस ने बिना होटल बुकिंग के पर्यटकों के वाहनों को शहर में नहीं घुसने दिया। बाकी लोगों के वाहनों को रूसी बाईपास पर पार्क कर वहां से शटल के माध्यम से नगर तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं पार्किंग व लेक ब्रिज चुंगी संचालकों का आरोप है कि पार्किंग खाली होने के बाद भी वाहनों को शहर में नहीं आने दिया जा रहा है।

### भीमताल से भवाली तक लगा 11 किमी लंबा जाम

**भीमताल :** भीमताल से भवाली तक 11 किलोमीटर लंबा यातायात जाम लगने से रविवार को पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी परेशान हो गए। वाहन रेंगते रहे। इस स्थिति में कई वाहन खराब भी हो गए। लोग पानी के लिए भी वाहन से नहीं उतर पाए। कई एंबुलेंस भी सायरन बजाते दिखीं, पर लाचारी इतनी कि चाहकर भी कोई वाहन वाला उनको पास तक नहीं दे पाया। भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में बाहर से आए पर्यटकों ने मौसम का आनंद उठाने के लिए जहां तहां अपने वाहन को खड़ा कर दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि भीमताल-भवाली, भीमताल-हल्द्वानी, भीमताल-नौकुचियाताल, खुटानी-पद्मपुरी, सातताल चौराहे से सातताल मोटर मार्ग सब जगह वाहन फंस गए। कई स्थानों पर पुलिस जाम खुलाने में जूझती नजर आई। यह स्थिति देर शाम तक देखी गई।

# सरोवर नगरी में सैलानी उमड़ने से लगा जाम, लोग परेशान

## रूसी बाईपास, नारायण नगर और भवाली मस्जिद चौराहे पर जाम में फंसे पर्यटकों के वाहन, रोडवेज की शटल बस सेवा से शहर पहुंचाए गए

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन सीजन अब उफान पर है, क्योंकि मैदानी क्षेत्रों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। साथ ही स्कूलों की छुट्टियां भी चल रही हैं। इस कारण पर्वतीय क्षेत्र इन दिनों मैदानी इलाकों से आने वाले पर्यटकों से गुलजार हैं। सैलानियों के उमड़ने से जहां पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारी खुश हैं वहीं जाम लगने से स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक परेशान दिखाई दे रहे हैं। जाम लगने से स्थानीय लोगों को अपने घर जाने में और पर्यटकों को होटल व दर्शनीय स्थलों की ओर जाने में मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है।

वहीं बाहर से नैनीताल आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ रहा है। होटल और पार्किंग फुल हो चुकी हैं। यूपी, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब आदि राज्यों से भारी संख्या में लोग अपने वाहनों से नैनीताल पहुंच रहे हैं। जिससे नगर में प्रवेश के तीनों मार्गों पर कई किलोमीटर तक गाड़ियों का लंबा जाम लगने से सभी को फजीहत उठानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि शहर की व्यवस्था चरमरा गई है। रविवार को भी भारी संख्या में लोग नैनीताल का रुख करने पहुंचे, लेकिन नगर की सभी पार्किंग फुल होने के बाद प्रशासन ने हल्द्वानी की ओर से आ रहे वाहनों को रूसी बाईपास और रामनगर की ओर से आ रहे वाहनों को नारायण नगर तथा भवाली की ओर से आ रहे वाहनों को भवाली मस्जिद चौराहे पर रोककर वहां से शटल के माध्यम से नगर में भेजना शुरू कर दिया, जिसके चलते नगर में प्रवेश करने के तीनों मार्गों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, जिससे लोगों को घंटों अपने वाहनों में बैठे रहने पर मजबूर होना पड़ा।


हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग में लगी वाहनों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

### बाईपास पर पर्यटकों की लगी भीड़

**नैनीताल :** शहर में पर्यटकों की भीड़ के कारण घंटो तक लम्बा जाम लग रहा है। जाम को कम करने के लिए बिना होटल बुकिंग और बिना पार्किंग बुकिंग के पर्यटकों शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। पर्यटकों की गाड़ियों को रूसी बाइपास में रोक दिया जा रहा है, जिस कारण रूसी बाइपास पर पर्यटकों की भीड़ लग रही है, जिसके कारण पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटकों की सुविधा और शहर में जाम को कम करने के लिए रविवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों के आदेश पर रूसी बाइपास से नैनीताल तक रोडवेज बस शटल सेवा चलाई गई। रोडवेज बसों ने रूसी बाइपास से नैनीताल तक लगभग 13 चक्कर लगाए। परिवहन विभाग की ओर से पर्यटक सीजन के दौरान रोजाना रूसी बाइपास से नैनीताल तक रोडवेज शटल सेवा चलाई जाएगी। साथ ही शनिवार व रविवार को अधिक बसें चलाई जाएंगी। रोडवेज की स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर रूसी बाइपास से नैनीताल तक रोडवेज बस शटल सेवा चलाई गई, जिससे शहर में जाम की स्थिति को कम किया जा सके।

### पर्यटकों ने कहा, मई-जून में नहीं आना चाहिए ....

**भवाली :** नगर में तीसरे दिन भी जाम के कारण गाड़ियां रेंगती रहीं। भवाली व आसपास के सभी होटल, गैस्ट हाउस, होम स्टे फुल रहे। वीकेन्ड व पर्यटकों की बढ़ती संख्या के चलते यह दिक्कत हुई। रविवार को दिनभर वाहन रेंगते रहे। एक तो जाम फिर गर्मी। वाहनों में पर्यटकों के बच्चे परेशान दिखे। कुछ लोग झिल्लाते नजर आये। पर्यटक व्यवस्था सुधारने की बातें करते सुनाई दिए। पर्यटकों ने कहा कि हम इतनी दूर से आये हैं तो कार लेकर ही आएंगे, ना कि पैदल चलेंगे। ट्रैफिक सिस्टम व पार्किंग की व्यवस्था सही होनी चाहिए। वहीं एक कार में बैठे युवा म्यूजिक का आनन्द लेते हुए बोले, कूल इट ब्रो, नो प्रोबलम। हमारे शहर में भी लगता है जाम। मुम्बई से आई एक महिला पर्यटक बोली कि अब पैदल ही जाकर बाबा के दर्शन करेंगे, क्योंकि कार से तो पहुंच ही नहीं पाएंगे। वहीं कुछ बोले कि लगता है मई जून में नहीं आना चाहिये। वहीं जाम के दौरान कुछ दुकानदार वाहनों में पानी की बोतल देते फिर पैसों के लिये दौड़ लगाते दिखे। पर जो भी हो रविवार को पिछले दो दिनों से ज्यादा लम्बा जाम दिखा। यदि पर्यटन बढ़ाना है तो इसका कुछ समाधान तो ढूंढ़ना ही होगा।


रूट डाइवर्ट होने के बाद रामगढ़ रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### उत्तराखंड बनने के बाद भी नहीं बनी कार पार्किंग

**नैनीताल :** भले ही उत्तराखंड राज्य को बने 24 साल पूरे हो गए हों लेकिन इन 24 सालों में उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों के लिए किसी प्रकार की बेहतर व्यवस्था नहीं हो सकी। उत्तराखंड आने वाला पर्यटक आज भी पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधा के लिए दर-दर भटक रहा है। पर्यटक स्थलों पर कार पार्किंग की व्यवस्था न होने से पर्यटक स्थलों पर लंबा जाम लग रहा है जिससे पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तराखंड गठन के बाद नैनीताल में तीन स्थानों फांसी गधेरा, लकड़ीताल, नारायण नगर में बहु मंजिला कार पार्किंग निर्माण समेत कैंटोनमेंट बोर्ड की भूमि में पार्किंग निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाए गए जिसमें से आज तक एक भी बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण नहीं हो सका। नतीजा नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर में प्रवेश करने से पहले घंटों तक जाम से परेशान होना पड़ रहा है। नैनीताल में पार्किंग ना होने के चलते नैनीताल घूमने आ रहे पर्यटकों को कालाढूगी,हल्द्वानी समेत अन्य स्थानों से दूसरे क्षेत्रों को डायवर्ट किया जा रहा है जिससे पर्यटन कारोबारी अब अपना विरोध दर्ज करने लगे हैं।


नैनीताल में लगे जाम में फंसे पर्यटक और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

## बिना पार्किंग के योजना स्वीकृत नहीं होनी चाहिए

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** जिस तरह से रविवार को यातायात जाम को लेकर स्थिति सामने आई उससे यह स्पष्ट हो गया कि योजनाएं केवल फाइल तक सीमित रहती हैं। प्रभावित पर्यटन कारोबारियों को विभागीय गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा।

मेन मोटर मार्ग में कारोबार करने वाले प्रतिष्ठानों, भोजनालयों, रेस्टोरेंट में से कई के पास पार्किंग की सुविधा नहीं होने के बावजूद संचालकों के द्वारा पर्यटकों के वाहनों को मोटर मार्ग के किनारे किनारे खड़ा करवा दिया गया, जिसका नतीजा यह रहा कि वाहन चलाने वाले तो खाना खाने रेस्टोरेंट के अंदर चले गए और बाहर उनके कर्मचारी अन्य वाहनों को हटाते नजर आए। कई वाहन चालकों की इस व्यवस्था को लेकर बहस होते भी देखी गई। स्थानीय प्रभावित लोगों ने बताया कि पर्यटक नगरी में इस प्रकार की लचर व्यवस्था आने वाले समय में पर्यटन कारोबार को प्रभावित करेगी। दिल्ली से आए आरके सिंह, माधवी देवी, मधु ने बताया कि दो दिन के लिए आए थे जिसमें से दोनों दिन यातायात जाम से जूझते बीत गए। बताया कि वह दो दिन के भीतर होटल से मात्र दस किलोमीटर ही पहुंच पाए। वहीं बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि सोमवार तड़के बिना कुछ देखे ही वापस लौट जाएं। इधर कारोबारी, विपिन चंद्रा, हितेन्द्र बिष्ट, देवेन्द्र चनौतिया, राकेश वृजवासी, कार्तिक कर्नाटक, चंदन नौगाई, राज कमल, प्रेम रावत, कमल पाठक, रवि कुंजवाल समेत कई लोगों ने पुलिस महकमे और अन्य विभागों से कारोबारियों का कारोबार प्रभावित ना हो इसके लिए समय रहते कारगर योजना बनाने की मांग की है।

# पर्यटकों के वाहन डाइवर्ट करने पर किया प्रदर्शन

**रोष**

- पर्यटकों को डाइवर्ट करने पर होटल एसोसिएशन नाराज
- माल रोड में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शहर से पर्यटकों को डाइवर्ट कर दूसरे स्थानों पर भेजना की कार्रवाई से नाराज होटल एसोसिएशन ने माल रोड में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे होटल एसोसिएशन ने पुलिस पर आरोप लगाया कि शहर में कार पार्किंग खाली होने के बावजूद पर्यटकों को पार्किंग फुल होने की बात कहते हुए शहर से बाहर दूसरे पर्यटक स्थलों तक भेजा जा रहा है, जिससे नैनीताल आने वाले पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि पर्यटकों को शहर से बाहर डायवर्ट किया जाने की सूचना के बाद स्थिति का जायजा लेने माल रोड पहुंचे तो वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारी और कर्मी पर्यटकों को माल रोड से डायवर्ट का शहर के बाहर भेज रहे थे।

कारण पूछे जाने पर पुलिस ने उनसे अभद्रता की। साथ ही उन्हें जेल भेजने की धमकी दे डाली। इसके बाद उन्होंने घटना का विरोध कर मामले की जानकारी फोन से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी। इसके कुछ देर बाद पुलिस ने पर्यटकों को डाइवर्ट करना बंद कर दिया। लेकिन काठगोदाम और हल्द्वानी से नैनीताल की तरफ आ रहे पर्यटकों के वाहनों को भीमताल मार्ग की तरफ डायवर्ट कर दिया, जिससे दिनभर भीमताल में भी लंबा जाम लग रहा।


पुलिस की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करते होटल एसोसिएशन व व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

> नैनीताल माल रोड से पर्यटकों के वाहनों को शहर के बाहर डाइवर्ट करने की सूचना पर माल रोड पहुंचा, जहां पर देखा कि सूचना सही है। पुलिस से पर्यटकों के वाहनों को शहर से बाहर भेजने का कारण पूछा तो मौके पर तैनात कोतवाल ने उनसे अभद्रता की, जिसके बाद व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।
> **-दिग्विजय बिष्ट,** अध्यक्ष, होटल एसोसिएशन नैनीताल

### पर्यटकों को परेशान करने पर दी ब्लैकआउट करने की चेतावनी

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर जून में शुरू हो रहे पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों को बेवजह परेशान किया जाएगा तो नैनीताल में होटल व्यापारी ब्लैकआउट करेंगे। साथ ही नैनीताल बंद करने पर विचार करेंगे। इससे पूर्व नैनीताल के सभी होटलों में काले झंडे लगाकर प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ अपना विरोधी दर्ज करेंगे। इस दौरान होटल एसोसिएशन के महासचिव वेद शाह, लोकेश जोशी, स्नेहा छाबड़ा, सत्येंद्र कुमार, रुचिर शाह, रमन सिंह, घनश्याम बेलवाल, योगेश शाह, गौरव जेठी, त्रिभुवन फर्तियाल, जीनू पांडे समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## जाम से रानीबाग और काठगोदाम में रेंगते रहे वाहन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस ने सप्ताहांत पर जाम की समस्या से निपटने के लिए नया यातायात प्लान जारी किया। हालांकि वाहनों की भीड़ के आगे पुलिस फिर से परेशान हो गई। काठगोदाम और रानीबाग में पुलिस पूरे दिन वाहनों को निकालने में जुटी रही। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाहरी राज्यों से आ रहे पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। नैनीताल रोड पर सुबह से ही बाहर से आने वाले वाहनों की संख्या बढ़ गई।

दोपहर के समय प्रचंड गर्मी के बीच पर्यटक भी परेशान रहे तो वहीं पुलिस भी जाम से निपटने के लिए पसीना बहाती दिखी। काठगोदाम में कॉलटैक्स के आगे वाहनों को निकालने के लिए पुलिस ने मुस्तैदी रखी। नरीमन चौराहा पर भी यही हाल रहा। साथ ही जाम की वजह से भीमताल को जाने वाली रोड पर भी भीड़ रही। शहर के आंतरिक मार्गों में भी वाहनों की संख्या बढ़ गई। गनीमत रही है कि गर्मी के होने की वजह से हल्द्वानी शहर के लोग दोपहर के समय कम ही बाहर निकले।

इस वजह से पुलिस को स्थिति संभालने में कुछ मदद मिली। उल्लेखनीय है कि स्कूलों में छुट्टी होने के बाद पर्यटकों की भीड़ और भी बढ़ गई है।

# जाम से मिलनी चाहिए स्थाई मुक्ति

- पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन सीजन प्रारंभ होते ही बढ़ता है जाम
- स्थाई हल नहीं होने के कारण हर वर्ष व्यवस्था होती है प्रभावित

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन सीजन प्रारंभ होने के साथ ही पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ स्थान-स्थान पर यातायात जाम लगने की समस्या बढ़ जाती है। पहले यह समस्या कभी कभी देखने को मिलती थी पर अब तो खास कर अप्रैल, मई, जून व जुलाई तक प्रत्येक दिवस यातायात जाम कहीं ना कहीं लगता रहता है। जिसके चलते सभी मोटर मार्ग का यातायात प्रभावित रहता है।

भवाली से आगे कैंची धाम में जाम लगता है तो लोग कैंची से आगे गरमपानी खैरना तक प्रभावित होते हैं। जैसे ही जाम भवाली में लगता है तो नैनीताल-भवाली, भवाली-भीमताल मोटर मार्ग तक प्रभावित दिखाई देते हैं। पर्यटन कारोबार से लेकर सुरक्षा तक सब प्रभावित होता है। पर्यटक ना तो रुक कर प्राकृतिक सुन्दरता का दीदार कर पाते हैं और ना ही यादों के रूप में स्थान स्थान पर बनी दुकानों से पहाड़ी कृषि उत्पाद व अन्य खरीद पाते हैं। इतना ही नहीं रुक कर ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था करें इसके लिए भी वाहन से रुकना मुसीबत है। स्थानीय कारोबारियों की मानें तो हर वर्ष यातायात जाम ना लगे इसके लिए प्रशासनिक तौर पर रूट डायवर्जन और अन्य योजनाओं पर कार्य होता है पर स्थाई हल नहीं होने के कारण हर वर्ष यह व्यस्था भी कामयाब नहीं देखाई दे रही है। स्थानीय प्रभावित लोगों की माने तो यातायात जाम से स्थाई हल के लिए ठोस योजना की जरूरत है।

**बोले लोग**

> स्थान स्थान पर लगने वाले यातायात जाम से आम जनता बेहाल है। नए रूट का निर्माण होना चाहिए। स्थाई हल निकालने से यातायात जाम से निजात मिलेगी।
> **-नीरज रैकुनी,** निवर्तमान वार्ड 9 मेंबर



> आम आदमी तक यातायात जाम के चलते अपने रोज के कार्य भी नहीं कर पा रहा है। सब कुछ प्रभावित रहता है खास कर वीकेंड पर।
> **-चंदन नौगाई,** पूर्व बीडीसी मेंबर, जौंस स्टेट भीमताल



> पार्किंग निर्माण की कार्रवाई चल रही है। अगले माह तक आशा है कि कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा।
> **-पंकज तिवारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, भवाली**

## महिलाओं ने पिरूल बेचकर कमाए 2.80 लाख

**भीमताल :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत गेठिया की उजाला सहायता समूह की महिलाओं ने जंगल में आग लगने के मुख्य कारण पिरूल को ना केवल एकत्र किया बल्कि एकत्र कर उसको वन विभाग को बेचकर लगभग दो लाख अस्सी हजार की आमदनी भी प्राप्त की।

इस कार्य को करने का मुख्य मकसद जंगल को आग से बचाना है। एपीडीचंदा फर्त्याल ने बताया कि उजाला समूह की महिलाओं ने 65 से सत्तर कुंतल 4000 से 4500 प्रति कुंतल की दर से पिरूल को वन विभाग को बेचकर लगभग 2.8 लाख कमाए। वर्तमान में 75 कुंटल का स्टॉक बाकी है वहीं बताया कि महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं।

# समाजसेविका और ईएनटी विशेषज्ञ को सम्मानित किया

- भारतीय जैन मिलन संस्था ने की कार्यकारिणी की बैठक
- देश के सभी नगरों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में रविवार को भारतीय जैन मिलन संस्था की ओर से सत्र की प्रथम कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। इसमें देश के सभी नगरों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। संस्था की ओर से नैनीताल की समाजसेविका डॉ. सरस्वती खेतवाल और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मोनिका कांडपाल को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। बैठक में संस्था की ओर से देश व समाज में चल रहीं समस्याओं पर चर्चा कर यह विचार विमर्श किया कि किस प्रकार से समाज को आगे बढ़ाया जाए।

संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिसकी देश में 1445 शाखाएं हैं और 8 शाखाएं विदेश में हैं। संस्था में 50 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही 400 शाखाएं ऐसी हैं जिन्हें महिलाएं संचालित करती हैं। इस दौरान एसके जैन, नरेश चंद्र जैन, महेंद्र कुमार, अनिवीर प्रवीण, अतिवीर विजय कुमार, विशाल, संजय, अवलोक, प्रियांश, अजय कुमार, अजीत जैन, पीयूष जैन, अतुल कुमार, ममता जैन, कल्पना सेठ, मनोज कुमार, अनीता जैन सहित संस्था के पदाधिकारी और समस्त नगरों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## एक नजर

### नदी में हुड़दंग मचाने वाले 35 लोगों पर कार्रवाई

**हल्द्वानी :** नदी में नहाते समय हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। रविवार को काठगोदाम पुलिस ने अभियान चलाकर काठगोदाम क्षेत्र में चित्रशिला घाट रानीबाग और एचएमटी लमजाला के पास नदी में नहाते समय हुड़दंग मचाने पर 35 लोगों के खिलाफ ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्रवाई की। साथ ही उत्पात मचा रहे लोगों में से 10 के दोपहिया वाहनों के भी चालान काटे।

### दो घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची बाघ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन से हावड़ा स्टेशन के लिए चलने वाली बाघ एक्सप्रेस रविवार को अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। आम तौर पर उक्त ट्रेन सुबह 9:15 बजे काठगोदाम पहुंचती है, लेकिन 2 घंटे देरी होने के कारण ट्रेन सुबह करीब 11:15 बजे स्टेशन पहुंची। काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस को समय से रवाना किया है।

### 674 ने दी प्रयोगशाला सहायक परीक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा आयोजित हुई। शहर के तीन परीक्षा केंद्रों में कुल 1318 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से केवल 674 ने परीक्षा दी। 644 अनुपस्थित रहे। नैनीताल रोड स्थित गुरूतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में वनस्पति विज्ञान विषय में 300 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 160 और रसायन विज्ञान में 300 में 158 ने परीक्षा दी। खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान में 396 पंजीकृत में 176 और फॉरेंसिक विज्ञान में 3 पंजीकृत में से 2 ने परीक्षा दी। क्वींस पब्लिक स्कूल में जंतु विज्ञान विषय में पंजीकृत 319 में 178 ने परीक्षा दी। शहर के सभी केंद्रों में 51.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थिति रहे।

### सट्टा खिलाने का विरोध करने पर हुई मारपीट

**हल्द्वानी :** एक सटोरिया अपनी दुकान के अंदर सट्टा खिलाता था। उसके पड़ोसी ने इसका विरोध किया तो वह भड़क गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। नवाबी रोड कुल्यालपुरा गली नंबर दो निवासी भूपेंद्र चौहान के अनुसार उनके घर के सामने सूरज टम्टा की दुकान है। वह अपनी दुकान में सट्टा भी खिलवाता है। इस वजह से क्षेत्र का माहौल खराब रहता है। बीती 21 मई को जब उसने इसका विरोध किया तो सूरज, उसके परिवार और परिचितों ने उनके साथ मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर को कुत्ते ने काटा

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में आवारा कुत्तों की वजह से छात्र, डॉक्टर व अन्य स्टाफ परेशान है। बीते दिन एक महिला डॉक्टर को कुत्ते ने काट लिया, जिसके बाद प्राचार्य ने नगर निगम से कुत्तों को पकड़ने का निवेदन किया है। मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप कर रही एक महिला डॉक्टर को 16 मई की शाम छात्रावास के पास कुत्ते ने काट लिया। जिसके बाद महिला डॉक्टर के पिता ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को ई-मेल के जरिए प्रार्थना पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने ठोस कार्रवाई का अनुरोध किया है। पत्र में कहा है कि परिसर में आवारा कुत्तों के झुंड की दहशत है। ये डॉक्टरों के दोपहिया वाहनों के कवर नोच डालते हैं, हॉस्टल से आते-जाते वक्त इनका झुंड काटने को दौड़ पड़ता है। इधर, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि नगर निगम को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

---

दोपहर के समय तेज धूप और लू का कहर, हल्द्वानी समेत काशीपुर और रुद्रपुर में लोग गर्मी से परेशान

# नौतपा से मैदानी इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार

संवाददाता, हल्द्वानी/काशीपुर

**25** मई से दो जून तक नौतपा के होने की जताई थी आशंका

**40** डिग्री सेल्सियस के पार रहा दूसरे दिन मैदानी इलाकों में पारा

**अमृत विचार :** कुमाऊं मंडल के मैदानी इलाकों में नौतपा का असर दिखने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों ने 25 मई से दो जून तक नौतपा के होने की आशंका जताई थी। नौतपा के दूसरे दिन मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। धूप की तपिश से लोगों के पसीने छूट गए।

रविवार को हल्द्वानी में सुबह से ही लोग गर्मी से परेशान रहे। पहाड़ों में हो रही बारिश का असर हल्द्वानी में नहीं दिखा। सुबह नौ बजे से ही गर्मी झेलना मुश्किल हो गया। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं काशीपुर में नौतपा के पहले दिन शनिवार को दिन के साथ रात भी गर्म रही। नौतपा के दूसरे दिन रविवार को भी सुबह से तेज धूप निकली। तेज धूप के चलते हुई गर्मी से लोग परेशान दिखे। इधर, गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि दो जून के बाद ही तापमान में गिरावट होगी। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है।

#### क्या होता है नौतपा

मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि नौतपा में नौ दिन तक सूरज की रोशनी सीधे पृथ्वी पर पड़ने से तापमान में बढ़ोतरी होती है। बताया कि गर्मी के दिनों में नौतपा के समय ही सबसे अधिक तापमान व तीखी धूप होने के साथ ही गर्मी बढ़ने के आसार होते हैं।



#### रिकॉर्ड तोड़ रही इस बार मई में गर्मी

इस बार मई माह में अभी तक पड़ी गर्मी पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। कुमाऊं मंडल के मैदानी इलाकों में सबसे अधिक तापमान 29 मई 1988 को 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साल 2014 से अभी तक की बात करें तो इस बार मई में अभी तक सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। साल 2020 की मई में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस था।

> शनिवार से नौतपा की शुरुआत हो गई है। 25 मई से लेकर दो जून तक नौतपा का असर देखने को मिलेगा। दो जून के बाद तापमान में गिरावट होगी।
> – डॉ. आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत विवि

# दमुवाढूंगा में सरकारी भूमि पर बन रहा बैंक्वेट हॉल किया सील

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जिला विकास प्राधिकरण ने सरकारी भूमि पर बैंक्वेट हॉल बनाने और पार्किंग का नक्शा पास कराकर दुकान बनाने पर दो निर्माणों को सील कर दिया है।

जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी वाजपेयी ने बताया कि जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में करण चौधरी एक बैंक्वेट हॉल बना रहा है। शिकायत मिली कि उक्त भूमि सरकारी है। इस पर प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची तो शिकायत सही मिली। जिस पर टीम ने बैंक्वेट हॉल को सील कर दिया है। इसके अलावा पवन तिवारी ने कॉलटैक्स दमुवाढूंगा बंदोबस्ती में नक्शा पास कराया था। नक्शा पार्किंग का पास कराया गया था, वहां दुकानें बनाई जा रही थीं। इस पर टीम ने नक्शे के विपरीत दुकानें बनाने पर निर्माण को सील कर दिया है। वाजपेयी ने बताया कि दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# वन कर्मियों और तस्करों की मुठभेड़, एक तस्कर घायल

तराई केंद्रीय वन डिवीजन की टांडा रेंज के अंतर्गत लालकुआं कोतवाली के पीछे के जंगलों में शनिवार की देर रात करीब 2 बजे हुई घटना

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

**08** से नौ वन तस्कर शीशम के पेड़ काटकर भर रहे थे पिकअप वाहन में, टीम ने रोकने की कोशिश की तो किया हमला

**315** बोर के तमंचे से वन टीम पर फायरिंग कर दी, बाल-बाल बचे वन कर्मी

**13** नग शीशम के गिल्टे और कारतूस बरामद, वाहन और अवैध तमंचे को कब्जे में लेकर किया सीज

**अमृत विचार :** तराई केंद्रीय वन डिवीजन की टांडा रेंज के अंतर्गत लालकुआं के जंगलों में वन तस्करों और वन टीम की मुठभेड़ हो गई। तस्करों की फायरिंग के बाद वन टीम ने जवाबी फायरिंग की, इसमें एक तस्कर घायल हो गया। जिसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो अन्य तस्कर गिरफ्तार हुए हैं, जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

वन अधिकारियों के अनुसार, टांडा रेंज की वन टीम शनिवार की रात करीब 2 बजे गश्त कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि वन तस्कर टांडा रेंज में लालकुआं पुलिस स्टेशन के पीछे जंगलों में शीशम की लकड़ी का अवैध कटान कर रहे हैं। सूचना पर टांडा रेंजर रुप नारायण गौतम के नेतृत्व में वन टीम मौके पर पहुंची। टीम ने देखा कि 8-9 तस्कर शीशम के पेड़ काटकर पिकअप वाहन में भर रहे थे। टीम ने तस्करों को रोकने की कोशिश की तो तस्करों ने वन टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि तस्करों ने 315 बोर के तमंचे से वन टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें वन कर्मी बाल-बाल बच गए। जवाब में वन टीम ने भी फायरिंग की। इसमें एक तस्कर लखविंदर सिंह निवासी ग्राम थापा नगला बाजपुर ऊधमसिंह नगर के पैर में गोली लग गई और वह घायल लग गया। जबकि दो अन्य तस्कर मो. जुनैद पुत्र मो. उमर निवासी बरहैनी और अमनदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी थापा नगला निवासीगण ऊधमसिंह नगर गिरफ्तार हो गए। जबकि पांच-छह तस्कर भागने में कामयाब हो गए। वन विभाग अब इनकी शिनाख्त व गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गया है। वन टीम को मौके से एक पिकअप वाहन, एक बाइक, एक जिंदा व एक इस्तेमाल किया हुआ कारतूस और 13 नग शीशम के गिल्टे बरामद हुए हैं। वाहन व तमंचे को सीज कर दिया गया है। तस्करों के खिलाफ लालकुआं पुलिस स्टेशन में शिकायत सौंपी है। तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कराया जा रहा है। घायल लखविंदर सिंह को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।



वन विभाग के गश्ती दल द्वारा पकड़े गए दो लकड़ी तस्कर एवं टीम। ● अमृत विचार



डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती वन तस्कर लखविंदर सिंह। ● अमृत विचार

#### वन टीम में ये रहे शामिल

टांडा रेंजर रूपनारायण गौतम, डिप्टी रेंजर कैलाश तिवारी, वनदरोगा प्रीतम राम, हरीश नयाल, पान सिंह मेहता, गणेश सती, वन आरक्षी हरीश चंद्र अंकित सिंह, चालक राहुल सिंह व एसओजी टीम शामिल थी।

#### वॉचर बहादुर सिंह का हत्यारा है लखविंदर

डीएफओ तिवारी ने बताया कि जिस तस्कर लखविंदर सिंह को जवाबी फायरिंग में गोली लगी है, वह वॉचर बहादुर सिंह का हत्यारा है। उसने वर्ष 2019 में अवैध पातन रोकने गए वॉचर की अवैध तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में वह जेल में था। कुछ दिनों पूर्व ही जेल से बाहर आया और लकड़ी तस्करी में लग गया। उप्र पुलिस ने उसे खैर की तस्करी में गिरफ्तार किया था। वहां से छूटने के बाद टांडा रेंज में पेड़ काटने के लिए पहुंचा। जहां उसकी वन टीम से मुठभेड़ हो गई।

#### बोले प्रभागीय वनाधिकारी

> शनिवार की रात करीब 2 बजे टांडा रेंज व एसओजी की संयुक्त टीम की लकड़ी तस्करों से मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने वन टीम पर फायरिंग की तो जवाब में टीम ने भी फायरिंग की। इसमें एक तस्कर लखविंदर सिंह के पैर में गोली लगी है, उसे एसटीएच में भर्ती कराया गया है जबकि दो अन्य तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। मौके से एक पिकप, एक बाइक, शीशम के 12 गिल्टे, अवैध तमंचा एक जिंदा व एक इस्तेमाल किया हुआ कारतूस बरामद किया है। तस्करों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करावाने के साथ ही जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।
> –उमेश चंद्र तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केंद्रीय वन डिवीजन

# दुकान में चोरी करने वाले दो चोरों को पकड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में दो चोर एक दुकान में चोरी कर रहे थे। दुकानदार ने दोनों को सीसीटीवी में चोरी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस को सूचना मिली और चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

मुखानी थाना पुलिस के अनुसार नर सिंह तल्ला निवासी गोपाल भट्ट की घर के पास ही बिजली के उपकरण बेचने की दुकान है। दुकान में आए दिन चोरी की घटना हो रही थी, लेकिन वह चोर को नहीं पकड़ पा रहे थे। इसलिए उन्होंने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग पर नजर रखना शुरू किया। शनिवार को दुकान में दो लोग आए और बिजली उपकरण वेजल कंडक्टर का करीब 70 किलो का बंडल चोरी कर लिया है।

उन्होंने तुरंत ही सीसीटीवी कैमरे में चोरों को देख लिया और पकड़ लिया। शोर मचाया तो आसपास के लोग भी आ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। आरोपियों में से एक ने अपना नाम और पता ऊधमसिंह नगर स्थित जेल कैंप निवासी श्याममल बछाड़ और दूसरे ने गोविंद नगर शक्ति फार्म निवासी कमलेश माल बताया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है।

# पश्चिम बंगाल के युवक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

#### दुर्घटना

- बैलपड़ाव स्थित आम के बगीचे में करता था काम
- जिप्सी चालक ने मारी थी टक्कर, अस्पताल में हुई मौत

**अमृत विचार :** बैलपड़ाव में एक युवक को जिप्सी चालक ने टक्कर मार दी। परिजन उसे इलाज के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाए, जहां उसने दम तोड़ दिया। युवक यहां आम के बगीचे में काम करता था।

मालदा पश्चिम बंगाल निवासी 31 वर्षीय एसके फ्लिप के पिता एसके तालिब ने बैलपड़ाव रामनगर में आम के बगीचे का ठेका लिया था। यह परिवार हर साल बैलपड़ाव में आकर आम के बगीचे का ठेका लगाता है। फ्लिप को भी काम के लिए परिवार के लोगों ने यहां बुलाया था। 21 मई को एसके फ्लिप बैलपड़ाव में सड़क किनारे पटरी पर खड़ा था। तभी एक जिप्सी चालक ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में फ्लिप बुरी तरह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। मृतक के मामा एसके इंतकाफ ने जिप्सी चालक की शिकायत पुलिस से की है।

उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर पश्चिम बंगाल को रवाना हो गए हैं।

# ढाबे पर बेसुध मिला गल्ला व्यापारी, अस्पताल में मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

#### घटना

- परिजनों ने लगाया अपहरण और हत्या करने का आरोप
- मृतक की पत्नी को फोन करके मांगी थी 8 लाख रुपये की फिरौती



प्रदीप सिंह। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** कालाढूंगी तहसील क्षेत्र अंतर्गत बैल पोखरा निवासी गल्ला व्यापारी प्रदीप सिंह शनिवार को रामपुर जिले में टांडा थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर बेसुध मिले थे। अज्ञात फोन की सूचना पर परिजन ढाबे पर पहुंचे और उन्हें हल्द्वानी एसटीएच लाये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पल्लेदार व ढाबा संचालक पर अपहरण और हत्या करने का आरोप लगाया है।

प्रदीप सिंह (41) पुत्र दलबीर सिंह गल्ला व्यापारी थे। बैल पोखरा क्षेत्र में उनकी नानक सीड्स प्लांट नाम से दुकान थी। उनके भाई अमरीक सिंह ने बताया दुकान पर काम करने वाले एक पल्लेदार ने करीब 15 दिन पहले ही काम छोड़ा था। शुक्रवार की शाम उसने प्रदीप को फोन किया और मुरादाबाद हाईवे स्थित रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र में ढाबे पर बुलाया। प्रदीप घर से कुछ नगदी और चेकबुक लेकर बाइक से ढाबे की ओर चल दिये। काफी देर तक जब प्रदीप की कोई खबर नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे प्रदीप की पत्नी कंचन के पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि प्रदीप उसके कब्जे में है। उसने प्रदीप को छोड़ने के बदले में आठ लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। करीब आधा घंटे बाद ही कंचन के पास दूसरा फोन आया और इस बार फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि प्रदीप बेहोश हो गया है, इसे आकर ले जाओ। परिजन जब ढाबे पर पहुंचे तो एक कमरे में प्रदीप बेसुध पड़े थे। उन्हें परिजन तत्काल बाजपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रदीप के परिवार में माता-पिता, पत्नी दो बच्चे और दो बड़े भाई हैं। इधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरीक सिंह ने बताया कि जिस ढाबे से प्रदीप को लेकर आए थे, उसका मालिक प्रदीप को बड़ी मात्रा में गल्ला बेचता था। मई माह में ही प्रदीप ने उसे करीब 45 से 50 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसके करीब 15 दिन पहले जिस पल्लेदार ने काम छोड़ा था, उसे भी प्रदीप ने 50 हजार रुपये का भुगतान किया था।

#### निजी बस की टक्कर से घायल युवक की मौत

**हल्द्वानी :** गरमपानी निवासी युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक के पिता वन निगम में कर्मचारी हैं। महेंद्र कुमार (26) पुत्र रमेश चंद्र कालाढूंगी में अपने पिता के साथ रहता था। वह मूल रूप से गरमपानी का रहने वाला है। महेंद्र सेल्समैन का काम करता था। शनिवार की शाम करीब चार बजे वह कालाढूंगी अपनी बाइक से जा रहा था तभी रास्ते में एक निजी बस से उसकी टक्कर हो गई। वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर चोट लग गई। घायल अवस्था में उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी लाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां रविवार की सुबह महेंद्र ने दम तोड़ दिया। मृतक के तीन भाई और एक बड़ी बहन है। दो भाई और बहन की शादी हो चुकी है। महेंद्र अविवाहित था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

---

**अनदेखी** कभी यात्रा का अंतिम पड़ाव थी राम की नगरी, कोलकाता समेत बिहार और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में पहुंचते थे तीर्थयात्री

# आखिर कब शुरू होगी रामनगर से चारधाम यात्रा ?

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य को पर्यटन के रूप में विकसित करने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि चारधाम यात्रा के अंतिम पड़ाव को राज्य निर्माण के 24 साल बाद भी जोड़ पाने में नाकाम रहे हैं। अब तक की सरकारों ने इस दिशा में गंभीर होकर प्रयास किये होते तो गढ़वाल के साथ-साथ कुमाऊं का भी न केवल समग्र विकास होता। बल्कि आज उत्तराखंड पर्यटन के साथ आध्यात्म के रूप में अपनी अलग पहचान बना लेता।

वर्ष 1950 में चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर हुआ करता था। उस समय चारों धाम के दर्शन करने वाले श्रद्धालु अपनी यात्रा का शुभारंभ हरिद्वार से किया करते थे। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री के दर्शन करने के बाद श्रद्धालु कर्णप्रयाग, गैरसैंण, चौखुटिया, भिकियासैंण, भतरौजखान होते हुए रामनगर में अपना डेरा डाला करते थे। चारधाम यात्रा से लौटने वाले श्रद्धालु राममंदिर में मौजूद ठाकुर जी की पूजा-अर्चना करने के बाद रामनगर कृष्णा धर्मशाला में विश्राम करते थे। इसके बाद मोटर या रेल से अपने गंतव्य को लौटते थे, लेकिन बाद में धीरे-धीरे चारधाम यात्रा को कुमाऊं से समाप्त कर दिया गया। जिसका आभास स्थानीय लोगों को काफी समय बाद हुआ।



रामनगर स्थित कृष्णा धर्मशाला, जहां ठहरते थे तीर्थ यात्री। ● अमृत विचार

#### व्यापारियों ने बनाया था धर्मार्थ फंड

क्षेत्र के बुजुर्गों की माने तो चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के भोजन की व्यवस्था के लिए स्थानीय व्यापारियों ने धर्मार्थ फंड बनाया था। जिसमें व्यापारी प्रति सैकड़ा एक आना जमा किया करते थे।

#### यात्रा से रामनगर जुड़ा तो ये होंगे फायदे

चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव अगर रामनगर बना तो यात्री कुमाऊं के तीर्थ स्थलों के भी दर्शन कर पाएंगे। यात्रा से गढ़वाल मार्ग पर पड़ने वाले यातायात का बोझ भी कम होगा। छोटे-छोटे क्षेत्रों में होटल ढाबे खुलेंगे जो स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होंगे।

#### अंतिम पड़ाव को फिर शुरू करना समय की मांग

चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर बनाये जाने की मांग स्थानीय लोग राज्य निर्माण के बाद से ही कर रहे हैं। मगर आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। व्यापारी अजय कुमार घी वाले, उमेश मित्तल, विनोद कुमार अग्रवाल, देवकी नंदन मारवाड़ी, पवन जैन के अलावा पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, निवर्तमान सभासद भुवन डंगवाल ने सरकार से चारधाम यात्रा को फिर से रामनगर से जोड़ने की मांग की है।

#### रामनगर से कर्णप्रयाग सबसे सुदृढ़ मार्ग

16 जून 2013 में जब केदारनाथ में आपदा आयी थी। तब यात्रियों के निकलने के सारे मार्ग बंद हो गए थे। तब रामनगर-कर्णप्रयाग मार्ग ही ऐसा मार्ग था जो खुला था। यहीं से अधिकांश यात्री सुरक्षित गंतव्य को पहुंचे थे।

#### कुलियों के जरिये टोकरियों से सामान ढोया जाता था

डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. गिरीश चंद्र पंत की माने तो उस दौर में उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार के तीर्थ यात्री टनकपुर से जोलसाल, चोरगलिया, कालाढूंगी होते हुए रामनगर पहुंचते थे। यहां से उनकी चारधाम यात्रा शुरू होती थी। कुलियों के माध्यम से टोकरियों से सामान ढोया जाता था।

# गौला नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

#### दुखद

- नारायण नगर निवासी कुंदन दोस्त के साथ गया था नहाने
- गहराई वाली जगह में संतुलन खोने से नदी में डूबा

**अमृत विचार :** गौला नदी में अपने मित्र के साथ नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। काठगोदाम पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक पेंट करने का काम करता था।

काठगोदाम पुलिस के अनुसार संजय आर्या (31 वर्ष) कुसुमखेड़ा स्थित नारायण नगर में रहता था। वह रविवार को अपने दोस्त कुंदन सिंह के साथ गौला नदी में नहाने गया था। शाम करीब 4:30 बजे रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में गौला नदी में दोनों दोस्त नहा रहे थे तभी संजय गहराई वाली जगह पर चला गया और संतुलन खो बैठा। उसी समय काठगोदाम पुलिस गौला नदी के पास ऑपरेशन मर्यादा चला रही थी। युवक को डूबता देख लोग शोर मचाने लगे। शोर सुनकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को बाहर निकाला।

बाहर निकालने पर युवक पूरी तरह से अचेत हो चुका था। पुलिस उसे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मृतक अपने परिवार में चार भाईयों में सबसे बड़ा था।

## एक नजर

### किशोरी और महिला घर से लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रामनगर :** पुलिस ने दो अलग-अलग क्षेत्रों से घर से लापता एक किशोरी और दूसरी महिला की गुमशुदगी दर्ज करने के साथ ही उनकी तलाश शुरू कर दी है। चोरपानी निवासी महिला ने तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिक पोती बीते दिनों घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उसकी काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया है। दूसरी ओर तेजपाल निवासी रामनगर ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी शुक्रवार को बिना बताए कहीं चली गई। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया है। एसएसआई मोहम्मद यूनुस ने बताया कि दोनों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सरकारी विद्यालयों में पूर्व की भांति हो सकेंगे दाखिले

**रामनगर :** प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पब्लिक स्कूलों की भांति कक्षा एक में प्रवेश को लेकर नर्सरी एलकेजी एवं यूकेजी की तर्ज पर ही आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका को भी शामिल कर लिया गया है। इस बाबत परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तराखंड द्वारा संशोधित आदेश जारी कर दिया गया। यह जानकारी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने दी। उन्होंने इस संशोधित निर्णय की सराहना करते हुए इसे प्रारंभिक शिक्षा की जीत बताया है।


मनोज तिवारी।

# गौलापार-दमुवाढूंगा में नलकूप खराब, पेयजल संकट

## भीषण गर्मी में टैंकर मंगवाकर प्यास बुझा रहे लोग, आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है परेशानी, गौला बैराज का जलस्तर 57 क्यूसेक पहुंचा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर और ग्रामीण इलाकों में पेयजल किल्लत बढ़ती जा रही है। लोग भीषण गर्मी में रोजाना टैंकर मंगवाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इधर, लगातार बढ़ रहे तापमान से काठगोदाम गौला बैराज का जलस्तर 57 क्यूसेक पहुंच गया है।

जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गहरा सकता है। गौलापार स्थित सिंचाई विभाग के खराब नलकूपों का मरम्मत कार्य रविवार को भी जारी रहा। इन नलकूपों के खराब होने से क्षेत्र की करीब 6 हजार की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। साथ ही खेती के लिए किसानों को भी पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं दमुवाढूंगा इलाके के शाह फार्म में पिछले चार दिनों से जल संस्थान का नलकूप खराब है, जिसका मरम्मत का कार्य चल रहा है। पेयजल ग्रस्त क्षेत्रों में जल संस्थान टैंकरों से पानी वितरित कर रहा है, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। भगवानपुर, गौला गेट, राजपुरा, इंदिरानगर, पालीशीट, कुमाऊं कॉलोनी, बच्चीनगर समेत कई इलाकों में टैंकरों से नियमित पानी बांट रहा है। सिंचाई विभाग के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूपों की मरम्मत का कार्य जारी है। दो दिनों में नलकूप ठीक होने की उम्मीद है।


राजेन्द्र नगर में लोगों को पानी बांटता जल संस्थान का टैंकर। ● अमृत विचार

# घंघरेठी में बूंद-बूंद को हाहाकार

संवाददाता, गरमपानी

- पंपिंग पेयजल योजना का कार्य भी पड़ा है ठप
- तीस से ज्यादा परिवारों को नसीब नहीं हो रहा पीने का पानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के घंघरेठी गांव में पेयजल संकट गहराने से तीस से ज्यादा परिवार परेशान हैं। बूंद बूंद पानी को हाहाकार मच गया है। मजबूरी में गांव के बाशिंदे दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हो चुके हैं। ग्राम प्रधान कुंदन सिंह नेगी ने पेयजल व्यवस्था चरमराने गहरी नाराजगी जताई है। व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गांवों में पेयजल संकट से गांव के बाशिंदे परेशान हैं। बूंद बूंद पानी को मोहताज होने से लोगों का पारा चढ़ने लगा है यह हालात तब है जब प्राकृतिक जल स्रोतों में समुचित पानी उपलब्ध है बावजूद जल संस्थान की लचर कार्यप्रणाली का खामियाजा गांवों के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। घंघरेठी गांव में ही करीब तीस से ज्यादा परिवार पेयजल संकट से परेशान हैं। लंबे समय से व्यवस्था में सुधार की मांग उठाए जाने के बावजूद सुध नहीं ली जा रही। मजबूरी में ग्रामीण दुर दराज से पानी ढो रहे हैं। ग्राम प्रधान कुंदन नेगी, अनूप सिंह, धरम सिंह, राम सिंह, बलवंत सिंह के अनुसार पंपिंग पेयजल योजना का कार्य भी ठप पड़ा है। गांव में पेयजल आपूर्ति भी ठप है बावजूद सुध नहीं ली जा रही। ग्रामीणों ने जल्द पेयजल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि अनदेखी की गई तो फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

# पेयजल संकट बढ़ने पर व्यापारियों का प्रदर्शन

संवाददाता, गरमपानी

- जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन कर जताई नाराजगी
- विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल
- पेयजल संकट के कारण दुकानें बंद करना बनी मजबूरी

**अमृत विचार :** पेयजल संकट से परेशान खैरना क्षेत्र के बाशिंदों का पारा चढ़ गया है। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में प्रदर्शन कर जल संस्थान के खिलाफ नाराजगी जताई। आरोप लगाया की क्षेत्र के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं पर विभागीय अधिकारी अनदेखी पर आमादा है। पेयजल संकट के कारण दुकाने समय से पहले बंद कर पानी ढोना मजबूरी बन चुका।

पेयजल संकट से परेशान क्षेत्रवासी व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी की अगुवाई में सड़क पर उतर आए। जल संस्थान के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष जताया। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह ने कहा की लंबे समय से खैरना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति चरमरा चुकी है। लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। अस्पताल व चौकी में कर्मचारी परेशान हैं। बाजार के बाशिंदे भी पेयजल संकट से परेशान हो चुके हैं। बावजूद जल संस्थान के अधिकारी अनदेखी पर आमादा है।



पानी का संकट होने से बाजार के व्यापारी समय से पहले ही दुकानें बंद कर दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हो चुके हैं।

व्यापारियों ने एक स्वर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई। दो टूक चेतावनी दी की यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर जल संस्थान के कार्यालय में धरना दिया जाएगा। इस दौरान हेमा साह, सौरभ, नबी अहमद, प्रदीप, नितिन, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

## बेतरतीब खदान से जल स्रोत के अस्तित्व पर संकट

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के जजूला क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जल स्रोत के आसपास बेतरतीब खदान होने से स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच गया है। पनौराकोट गांव निवासी पुष्कर सिंह ने मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर मामला दर्ज करा खदान करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।आरोप लगाया की खनन तस्कर मुनाफे के फेर जल स्रोत को नुकसान पहुंचाने पर आमादा है। जजूला गांव के समीप स्थित प्राकृतिक जल स्रोत से तीन ग्राम पंचायतों के दस से ज्यादा तोक के सैकड़ों बाशिंदों को पीने के पानी की आपूर्ति की जाती है।

महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना भी इसी जल स्रोत से जुड़ी है। पर पिछले कुछ समय से प्राकृतिक जल स्रोत के आसपास खनन तस्करों के सक्रिय होने से जल स्रोत के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। पनौराकोट गांव निवासी पुष्कर सिंह के अनुसार मुनाफे के फेर में तस्करों ने भारी मात्रा में खदान कर डाला है। बेड़े पैमाने पर पत्थर निकाल रातों-रात ठिकाने लगाए जा रहे हैं। बेतरतीब ढंग से खदान किए जाने से प्राकृतिक जल स्रोत में पानी सूखने लगा है भविष्य में गांवो में पेयजल संकट गहराने का खतरा भी बना हुआ है।

## सार-संक्षेप


ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी कैंपस में अफ्रीका दिवस मनाते विदेशी छात्र।

### विदेशी छात्रों ने मनाया अफ्रीका दिवस

**भवाली/भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कैंपस में अध्ययनरत अफ्रीकी छात्रों ने 25 मई को अफ्रीका दिवस मनाया, जिसमें कैंपस निदेशक, शिक्षक, वार्डन और उनके दोस्त भी शामिल थे। यह दिन अफ्रीकी एकता, विविधता और महाद्वीप भर में उपलब्धियों का जश्न मनाता है। परिसर में कई अफ्रीकी देशों के कई छात्र हैं जो जिम्बाब्वे, युगांडा, सूडान आदि देशों से ग्राफिक एरा में अध्ययन के लिए आए हैं। कार्यक्रम केक काटकर शुरू हुआ। छात्रों ने अपने देशों के राष्ट्रगान गाए। समारोह का समापन एक भोज के साथ किया गया, जिसमें उनके पसंदीदा व्यंजन थे। अफ्रीकी छात्रों ने कैंपस के पर्यावरण पार्क में पेड़ों से ताजे आड़ू और काफल का स्वाद भी लिया।


हनुमान धाम में सफाई अभियान चलाते भक्त।

### हनुमान धाम में भक्तों ने चलाया सफाई अभियान

**रामनगर :** अंजनी ग्राम छोई स्थित श्रीहनुमान धाम में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। हनुमान धाम के मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे से दस बजे तक भक्तों ने श्रमदान कर हनुमान धाम परिसर के चारों ओर सफाई की गई। स्वच्छता अभियान में धाम के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बंसल, सतनाम सिंह, प्रेम जैन, मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन सिंघल, राजेश मित्तल, अतुल मेहरोत्रा, अमित गोयल, पीयूष जिन्दल, नवनीत अग्रवाल, नवीन चन्द तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, भूपेन्द्र मेहरा, राजेन्द्र गोयल, विजय बजाज आदि लोग मौजूद रहे।

### सौहार्द समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

**हल्द्वानी :** सौहार्द जन सेवा समिति की रविवार को मुखानी स्थित यूकेडी कार्यालय में एक बैठक हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान दिनेश भट्ट व नीरजा बोरा को संरक्षक, नंदा पांडे को उपाध्यक्ष, ममता भट्ट को सचिव, विद्या जोशी को उपसचिव, कविता तिवारी को मीडिया प्रभारी, माया उप्रेती को जनसंपर्क अधिकारी, गीता मिश्रा को प्रवक्ता, सुनीता जोशी व रमा पांडे को सदस्य और योगिता बनौला को संयोजक पद पर सर्व सम्मति से चुना गया। संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गलत एफआईआर दर्ज कराना पड़ा भारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** छेड़खानी और मारपीट की गलत एफआईआर दर्ज कराना महिला को भारी पड़ गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश ने महिला पर परिवाद दर्ज करने के साथ ही मामले में जांच करने वाली विवेचना अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश एसएसपी को दिए हैं। वहीं मामले में आरोपी दोनों भाइयों को न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया।

नैनीताल के मौना निवासी पीताम्बर मिश्रा ने 2023 में 200000 रुपये में अपनी जमीन का सौदा मौना निवासी प्रेम प्रकाश शर्मा से किया, जिसकी रकम पीतांबर मिश्रा ने अपने लड़के के पत्नी के खाते में ली। इसके बाद सौदा कैंसिल करने की नीयत से उसकी परितग्यता पुत्री ज्योति ने षड्यंत्र के तहत प्रेम प्रकाश शर्मा और उसके भाई हेमवती नंदन शर्मा पर छेड़खानी, मारपीट व गाली गलौज की तहरीर भवाली थाने में देकर मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद जांच अधिकारी ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा व अधिवक्ता शिवांशु जोशी ने मामले में न्यायालय में पैरवी कर सारे तथ्य सामने रखे। न्यायालय ने छेड़खानी की घटना को गलत मानते हुए महिला के खिलाफ परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए। वहीं न्यायालय ने अपने आदेश में टिप्पणी कर जांच अधिकारी के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई कर रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने के आदेश भी पारित किए।

### चकलुवा में जहर खाकर युवक ने दी जान

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतनपुर चकलुवा में युवक ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार को शाम चार बजे अजय कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने विषपान कर लिया। परिजन घर पहुंचे तो उसकी तबीयत खराब देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक को अस्पताल लाई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थानाध्यक्ष महर ने बताया कि प्रथम दृष्टी से पारिवारिक क्लेश मौत का कारण लग रहा है, जांच चल रही है।

### सृष्टि के पहले समाचार वाहक थे नारद मुनि

**चोरगलिया :** विश्व संवाद केंद्र उत्तराखंड एवं प्रचार विभाग हल्द्वानी की ओर से आयोजित नारद जयंती कार्यक्रम में विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि पत्रकारिता देश का चौथा बड़ा स्तंभ है। नारद मुनि सृष्टि के पहले समाचार वाहक थे। मुख्य अतिथि राजशेखर जोशी ने कहा कि पत्रकार बंधु हमारे समाज की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचने व समाज को जागृत करने का कार्य बखूबी कर रहे हैं। कार्यक्रम में पत्रकार मोहन सिंह फर्त्याल को भी सम्मानित किया गया।

### बारिश के लिए की भगवान विष्णु की अराधना

**गरमपानी :** रामगढ़ ब्लॉक के हरतपा गांव में बारिश न होने से सूखे जैसे हालात पैदा हो जाने से ग्रामीणों ने विष्णु भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर बारिश के लिए प्रार्थना की। भजन कीर्तन कर भगवान की अराधना कर बारिश की गुहार लगाई गई। देर शाम प्रसाद वितरण किया गया। भगवान विष्णु के जयकारों से समूचा माहौल गुंजायमान हो उठा। लंबे समय से बारिश न होने से खेत सूख चुके हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों में पानी का जलस्तर घटने लगा है। फल उत्पादक गांवों में उत्पादन महज बीस से तीस फिसदी रह गई है। लगातार नुकसान होने से धरतीपुत्र परेशान हो चुके हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान विमला रौतेला, अजय रौतेला, अमर रौतेला, कमल रौतेला, विक्रम, दीवान, लीला देवी, माया देवी, प्रेमा, नीमा, राधा, पार्वती आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** आदर्श बाल अकादमी हाईस्कूल टांडा मल्लू में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्पन्न गोष्ठी में नए सत्र में विद्यार्थियों के पठन-पाठन, मई के मासिक परीक्षा परिणाम, पूर्ण स्कूल गणवेश, पर्याप्त शिक्षण सामग्री आदि विषयों पर अध्यापक-अभिभावक के बीच गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 17 विद्यार्थियों में से 13 प्रथम श्रेणी, 3 द्वितीय तथा एक छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, 9 ससम्मान उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं में राजीव नेगी, गायत्री जलाल, राज जोशी, रीफा नाज, शिफा नाज प्रथम, शिफा नाज द्वितीय, हिमानी जलाल, गौतम कुमार, सोनी को सम्मानित किया गया।

## जंगली जानवरों को उपलब्ध करा रहे पानी

**लालकुआं :** हल्दूचौड़ और लालकुआं के बीच पश्चिम में टांडा रेंज के जंगल में जंगली जानवरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चार पोखरे बनाकर पिछले 10 दिनों से लगातार उनमें पानी भरकर मानवता की मिसाल पेश की जा रही है। पिछले दस दिन से टांडा वन क्षेत्र में पश्चिम की ओर जंगल में चार छोटे छोटे पोखरे बनाकर हल्दूचौड़ क्षेत्र के समाजसेवी युवकों द्वारा उसमें टैंकरों द्वारा लगातार पानी भरकर जंगली जानवरों को पेयजल मुहैया कराते हुए मानवता की मिशाल कायम की जा रही है। सराहनीय पहल करने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान मुकेश दुम्का, विनीत दुम्का, प्रभात समेटा, गोपाल डब्डाल, मन्टू डब्डाल, हर्षित बमेटा, कार्तिक, दिवान बिष्ट सहित कई समाजसेवी युवक शामिल है।

# अमन की मदद को आगे आए लोग

- जून पहले सप्ताह में खेलने जाना है चीन, खिलाड़ी के घर की माली हालत बेहद कमजोर आर्थिक मदद की आस

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नगर के उभरते खिलाड़ी अमन कुमार जिसको जून प्रथम सप्ताह में पेंटाथलोन खेल की अंतराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भागीदारी के लिए चीन जाना है। उसकी आर्थिक मदद के लिए नेकी की दीवार से जुड़े लोगों ने रामनगर शहर में व्यापक अभियान शुरू कर दिया है।

नेकी की दीवार के संयोजक तारा घिल्डियाल के बताया कि इस खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता अप्रैल मध्य में अमरावती, महाराष्ट्र में हुई थी। जहां अमन ने प्रतिभाग किया था और अमन का चयन अंतराष्ट्रीय स्तर हेतु हुआ। अमन के चाइना जाने में लगभग दो लाख रुपये का खर्च आ रहा है।


खिलाड़ी अमन के लिए आर्थिक मदद एकत्र करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

वर्तमान में पुछड़ी, रामनगर, नैनीताल में रह रहे अमन कुमार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। पिता की बचपन में ही मृत्यु हो गई। मां लोगों के घरों में खाना बनाकर परिवार का खर्चा उठा रही है। सरकारी स्कूल से जूनियर वर्ग में अंतराष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित अमन कुमार एक मात्र बालक है। इस दौरान व्यापारी नेता भुवन शर्मा, शिक्षक नेता नंदराम आर्य, सुभाष गोला, नवेंदु मठपाल, मदन राम, करन कुमार मौजूद रहे।

### पर्यटन सीजन में वीवीआईपी दौरों पर लगे रोक

**नैनीताल :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्यटन सीजन शुरू होते ही यातायात व्यवस्था चार बनने लगी है, जिससे लोगों की फजीहत होनी शुरू हो चुकी है, जबकि अभी सीजन शुरू ही हुआ है। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष शाकिर अली, राज्य आंदोलनकारी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, मनमोहन सिंह कनवाल, इंदर सिंह नेगी, महेश जोशी,आदि राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि नैनीताल नगर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैंची धाम और निकटवर्ती पर्यटन स्थलों में जिस तेजी से सीजन के दौरान वीवीआईपी दौरों का कल्चर बढ़ता जा रहा है, उससे देश विदेश से आने वाले हजारों हजार पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय जनता को भी भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सरोवर नगरी नैनीताल, कैंची धाम और निकटवर्ती पर्यटक स्थलों में प्रदेश सरकार को बढ़ते हुए पर्यटन सीजन के दौरान इस प्रकार से वीवीआईपी दौरों पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।


त्रिभुवन फर्त्याल।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्निक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## चिंता

### बीज बोने के 15 दिन बाद ही फसल को बर्बाद कर देता है कीट, चोरगलिया और गौलापार क्षेत्र के किसान चिंतित

# अमेरिकन कीड़े से किसान हलकान, लगा रहे फेरोमोन ट्रैप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इन दिनों मक्के की फसल तैयार हो रही है, लेकिन इस पर अमेरिकन कीड़ा लगने की आशंका है। जिसके चलते किसान फेरोमोन ट्रैप लगाकर फसलों का बचाव कर रहे हैं।

चोरगलिया और गौलापार क्षेत्र में तैयार हो रही मक्के की फसल को अमेरिका मूल के फॉल आर्मी वर्म नाम के कीड़े द्वारा चट करने की आशंका रहती है। पिछले कुछ सालों से किसान इस कीड़े से पीड़ित हैं, इसलिए चोरगलिया के राकेश महतोलिया, भुवन भट्ट, लक्ष्मी दत्त बजेठा, गणेश दत्त बजेठा आदि किसानों ने इस बार अपने खेतों में फेरोमोन ट्रैप लगवाए हैं। राकेश महतोलिया ने बताया कि मक्का बीज बोने के महज 15 दिन बाद ही फॉल आर्मी वर्म कीट फसल को बर्बाद कर देता है। अगर एक बार इस कीट का आक्रमण फसल पर हो गया तो इसे नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है। बेहद छोटा दिखने वाला यह कीड़ा मक्के के पौधें के पत्ते में छेद कर देता है।


कीड़े से परेशान किसानों ने खेतों में लगाया फेरोमोन ट्रैप। ● अमृत विचार

यह 24 घंटे में 100 किमी तक फैल सकता है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले दो-तीन सालों से मक्का की फसल को फॉल आर्मी वर्म काफी नुकसान पहुंचा रहा है। पिछले साल भी गौलापार में इस कीट ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया था। हालांकि, बाद में इस पर नियंत्रण कर लिया गया था। शुरुआती चरण में फसल पर कीड़ा लगने पर नीम ऑयल और इसके बढ़ने पर अन्य दवाओं का प्रयोग करना चाहिए।

प्रत्येक न्याय पंचायतों के कृषि निवेश केंद्रों पर इस रोग से संबंधित दवा 50 प्रतिशत की सब्सिडी पर दी जा रही है।

### रसायनों की खुशबू से जाल में फंसते हैं कीट

फेरोमोन ट्रैप एक प्रकार का जाल है, जिसका प्रयोग कीटों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। फेरोमोन ट्रैप में ऐसे रसायन होते हैं, जो इन कीटों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। रसायनों की खुशबू से कीट जाल में फंस जाते हैं। फेरोमोन ट्रैप पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। एक फेरोमोन ट्रैप की कीमत करीब 80 रुपए होती है। इससे खेतों में रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग कम करना पड़ता है और उत्पाद की उपज व गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

> मक्के की सफल पर किसानों को निरंतर नजर रखनी चाहिए। फॉल आर्मी वर्म उनकी फसल को बर्बाद कर सकता है। इससे बचाव के लिए नीम ऑयल व अन्य दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिए। -**संतोषी**, कृषि रक्षा अधिकारी नैनीताल

## पत्नी से विवाद होने पर जान दी

**कालाढूंगी :** कोटाबाग में पति-पत्नी के विवाद में पति ने पेड से लटक कर जान दे दी। रविवार सुबह गांव के बच्चे बकरियों को चुगाने जंगल गये तो पेड़ लटका शव देखकर उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को पेड़ से उतार कर पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान हरीश चंद्र (29) पुत्र स्व. नंद राम निवासी मायारामपुर कोटाबाग के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि हरीश नशे का आदी था। इसको लेकर अक्सर पत्नी-पति में विवाद होता रहता था। दो दिन पहले भी दोनों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बड़ा कि पत्नी रेनू हरीश को छोड़कर मायके चली गयी। रविवार को सुबह घर से सात सौ मीटर दूर जंगल में पेड़ में रस्से से लटककर हरीश ने फांसी लगा दी।

# स्वीकृति के बाद भी नहीं बनी कठघरिया से चौफुला तक सड़क

## लोहरियासाल मल्ला वार्ड 39 का हाल :- पेयजल किल्लत और बिजली की समस्या से जूझ रहे लोग

**मतदाता: 4600 करीब | जनसंख्या: 7000 करीब**

**मुख्य कॉलोनियां:-** लोहरियासाल मल्ला, हिल्स व्यू कॉलोनी, संगम विहार, आनंद विहार कॉलोनी, गौड़धड़ा, चीनपुर, दुर्गा नगर, देव विहार, बच्ची विहार, पीडी कॉलोनी आदि।

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोहरियासाल मल्ला वार्ड 39 में कई सड़कें बदहाल हैं। इससे वार्डवासी परेशान हैं। कई वार्डों में लोग पेयजल किल्लत और बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। कालाढूंगी विधानसभा सीट से लगातार जीत दर्ज करने वाले विधायक बंशीधर भगत भी इसी वार्ड में रहते हैं, इसके बावजूद सुविधाओं का अभाव है।

कठघरिया से चौफुला तक नहर कवरिंग और सड़क चौड़ीकरण कार्य स्वीकृत है। कार्य को स्वीकृत हुए लम्बा समय हो गया है, मगर अभी तक सड़क नहीं बन पाई है। इसके अलावा संगम विहार, गौड़धड़ा की कई सड़कें नगर निगम से स्वीकृत हैं, मगर बकाया भुगतान नहीं होने पर ठेकेदारों ने काम रोक दिया है। ऊंचापुल से चौफुला तक नहर कवरिंग का कार्य पूरा हो गया है। दुर्गा नगर, लोहरिया साल, संगम विहार, चंदन विहार, गौड़धड़ा, पीडी कॉलोनी में कुछ सड़कों का निर्माण हुआ है।

वार्ड के अंतर्गत चीनपुर में नाले के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे बरसात में कॉलोनियों में गंदा पानी घुस जाता है। इससे लोगों को असुविधा होती है। कुछ क्षेत्रों में पेयजल की दिक्कत है। गर्मियों में लोग पानी के टैंकरों से प्यास बुझाते हैं। चंद्रधड़ा में नलकूप लगा है, लेकिन बिजली से संबंधित तकनीकी दिक्कतों को नहीं सुधारे जाने से करीब 30 परिवार बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गौड़धड़ा, बिठोरिया नंबर एक में भी पेयजल संकट है। हिल्स व्यू कॉलोनी में ओवरहेड टैंक नहीं होने से लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ता है। वार्ड में करीब 700 स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिससे लोगों को रात में आने-जाने में सुविधा मिलती है। हालांकि 60-70 नए लगाए गए पोल में लाइटें नहीं लगाई गई हैं। नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली एक गाड़ी के अलावा निजी संस्था की भी गाड़ी आती है। समूचे वार्ड में सिर्फ 5 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति है। हिल्स व्यू कॉलोनी में नगर निगम की ओर से एक पार्क बनाया गया है। निवर्तमान पार्षद ममता जोशी ने बताया कि कॉलोनियों में सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित कई काफी कार्य हुए हैं, कई और किए जाने हैं।





चौफुला चौराहे से कठघरिया जाने वाली सड़क में पेयजल लाइन लीकेज होने से टूटी पड़ी सड़क और गौड़ धड़ा में बदहाल सड़क का हाल। ● अमृत विचार

### लोगों से बातचीत



गौड़धड़ा में सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। पिछली दीपावली से स्ट्रीट लाइट खराब है। शिकायत करने के बाद भी ठीक नहीं हुई है। – आनंद सिंह मेहरा



गौड़धड़ा में पेयजल की समस्या है। नगर निगम के टैंकर आते हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित आती है। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। – गोविंद सिंह



कोई बदलाव नहीं आया है। मुख्य सड़कें तक टूटी हैं। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिससे रात में आने-जाने में सुविधा होती है। पेयजल व्यवस्था ठीक है। – प्रेम आर्या



काफी बदलाव आया है। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी व सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है। स्ट्रीट लाइटें खराब गुणवत्ता की लगी हैं। – सुरेश गौड़



पेयजल की सुविधा ठीक है। समस्या होने पर टैंकरों से पानी की सप्लाई होती है। साफ-सफाई होती है। स्ट्रीट लाइट लगने से सुविधा हुई है। – विपिन पांडे



बिठौरिया नंबर एक में पानी की समस्या है। गौला नदी का पानी आता है, लेकिन पर्याप्त नहीं होता है। सड़कों का हाल बुरा है। – पीबी भट्ट

# राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता को खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

**आयोजन**

▶▶ **दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 18वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन**

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 18वीं उत्तराखंड राज्य शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता देवभूमि चेस एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से कराई गई। जिसमें नैनीताल जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष समित टिक्कू ने अंडर 7, अंडर 17 वर्ग में प्रथम 2 बालक-बालिकाओं, दो बालिकाओं एवं ओपन वूमेन में चार प्रतिभागियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समित टिक्कू ने बताया सभी वर्गों में 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग में शेराली पटनायक विजेता, इशिका बंगा उपविजेता रहीं। ओपन वूमेन वर्ग में शेराली पटनायक विजेता, इशिका बंगा उपविजेता एवं काया ध्यानी तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर 7 बालक वर्ग में तेजस तिवारी विजेता, सोरेन चौहान उपविजेता रहे। जबकि बालिका वर्ग में अनन्या पांडे विजेता एवं नित्या अग्रवाल उपविजेता रहीं। अंडर 17 ओपन वर्ग में अरमान सिंह बक्शी विजेता, शेराली पटनायक उपविजेता रहीं। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी, योगेश जोशी, योगेश पांडे ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मृत्युंजय सिंह, रूपेश कुमार, पवन सिंह, एकेडमिक निर्देशक स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे मौजूद रहे।




शतरंज प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि व अन्य।

## सार-संक्षेप



नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बनने के बाद अपने माता-पिता के साथ मुकुल चौहान।

### हल्द्वानी के मुकुल बने नौसेना में सब लेफ्टिनेंट

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी के मुकुल चौहान भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बन गए हैं। केरल में हुई पासिंग आउट परेड के दौरान मुकुल के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। उनके पिता प्रताप चौहान एक कारोबारी हैं, जबकि माता उमा चौहान गृहिणी हैं। मुकुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनकी स्कूली शिक्षा लालडांठ में पूरी हुई है। इसके बाद मुकुल ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में 12वीं तक की पढ़ाई की। सैनिक स्कूल से ही मुकुल ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। बेटे की सफलता पर माता-पिता ने खुशी जताई है। पिता ने बताया कि मुकुल ने कड़ी मेहनत के साथ छोटी कक्षा से ही लगातार सफलता हासिल की। सब लेफ्टिनेंट बनकर उन्होंने परिवार के साथ ही शहर का भी मान बढ़ाया है।

### कांस्टेबल ने यात्री को सौंपा बैग

**हल्द्वानी :** ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह आरपीएफ चौकी हल्द्वानी को एक बैग प्लेटफार्म पर लावारिस मिला। जिसके अंदर मोबाइल, रुपये, आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड तथा जरूरी सामान था। रविवार सुबह एक यात्री फरजू रहमान निवासी पश्चिमी चम्पारण बिहार बैग को ढूंढते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचा, जिसके बाद पहचान पत्र और बैग के अंदर पाए गये कागजातों का मिलान करने के बाद बैग को सौंप दिया गया।

### साथी संगठन ने की पार्क की साफ-सफाई

**हल्द्वानी :** साथी संगठन ने रविवार को नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने प्लास्टिक की बोतलें, ग्लास, नमकीन के रैपर और कांच की टूटी बोतलों को एकत्रित किया। साथ ही कूड़े को नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में डाला। इस अवसर पर आनंद सिंह ठठोला, वीरेंद्र भाकुनी, लक्ष्मण सिंह गौनिया, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, डीडी शर्मा, मोहन सिंह महरा, आरएस बोरा, अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रेखा कोश्यारी को मिली पीएचडी की उपाधि



**हल्द्वानी :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने रेखा कोश्यारी को उनके शोधप्रबंध '21वीं सदी की बाल कविताओं में मूल्यबोध' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। रेखा ने अपना शोधकार्य एमबीपीजी कॉलेज की हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभा पंत के निर्देशन में पूरा किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी, प्रो. (डॉ.) प्रभा पंत, हिंदी विभाग के प्राध्यापकों और कुमाऊं विश्विद्यालय ने रेखा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



कार्यशाला में छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा के बारे में बताते अध्यापक।

### छात्राओं को दी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में वाणिज्य विभाग ने रविवार को कार्यशाला आयोजित की। जिसमें छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूर्ण समर्पण और निरंतरता जरूरी होती है। संयोजक डॉ. फकीर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को बैंक से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। विषय विशेषज्ञ और महिंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख सत्यराज जायसवाल ने बैंकों की संरचना और उसमें कार्मिकों के विभिन्न पदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नेहा भट्ट ने परीक्षाओं में आने वाले तर्कशक्ति के प्रश्नों के बारे में टिप्स दिए। आयोजक सचिव डॉ. ऋतुराज पंत ने कहा कि बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी को लेकर आमतौर पर छात्राओं में विभिन्न भ्रांतियां रहती हैं, जिनको दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस दौरान कार्यशाला समन्वयक डॉ. रेखा जोशी, अमित गुप्ता, नीरज सिंह, डॉ. रुचि रजवार, डॉ. मंजरी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# धर्म व राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आर्य समाज के 133वें वार्षिकोत्सव का रविवार को आर्य समाज भवन हल्द्वानी में समापन हो गया। मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि वह अगले वर्ष तक कम से कम दो परिवारों को आर्य समाज से जोड़ेंगे। भगत ने नेत्रदान की भी घोषणा की।

कार्यक्रम में वैदिक विद्वान डॉ. वेदपाल आचार्य ने कहा कि भारत ऋषियों और महापुरुषों का देश है। देश की संस्कृति सबसे प्राचीन व गौरवशाली है। अमृतसर से पधारे अंतर्राष्ट्रीय भजन उपदेशक पंडित दिनेश पथिक ने प्रभु भक्ति, देश भक्ति व मानव निर्माण से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव ने कहा कि आर्य समाज का उद्देश्य हर व्यक्ति को धार्मिक व आध्यात्मिक बनाने के साथ ही राष्ट्रभक्त बनाना है। हल्द्वानी आर्य समाज के प्रधान डॉ. विनय विद्यालंकार ने लोगों को धर्म व राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में यज्ञ की पूर्णाहुति हुई, जिसमें 11 यज्ञ वेदियों पर 40 दंपतियों ने यजमान के रूप में भाग लिया। यज्ञ में पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष रेनू अधिकारी, डॉ. विनय विद्यालंकार, डॉ. वर्षा चौधरी, प्रो. (डॉ) विनय खुल्लर, ममता खुल्लर, अवधेश मलिक, आस्था मलिक, एसपी सिंह, कमलजीत कौर, डॉ. अतुल राजपाल, डॉ गुंजन राजपाल शामिल रहे। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मलिक ने सन्यासी मंडल का स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के पुत्र दिग्विजय भट्ट, विजयलक्ष्मी चौहान, शंकर कोरंगा, कार्तिक हर्बोला, यमुनादत्त बेलवाल, राजकुमार राजौरिया मौजूद रहे।




वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत।

# बिहार की शाही लीची को टक्कर देगी गुलाब लीची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिहार की लीची को अब नैनीताल जिले की लीची टक्कर देगी। इसके लिए करीब 20 लोगों ने यूजर सार्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। पिछले साल जिले की लीची को जीआई टैग (भौगोलिक संकेतांक) मिला है।

अब तक बाजार में बिहार के मुजफ्फरपुर की शाही लीची की धमक थी, लेकिन जल्द ही नैनीताल जिले की गौला गुलाब लीची (रोज सेंटेड) उसे टक्कर देने वाली है। पिछले साल जिले की लीची को जीआई टैग (भौगोलिक संकेत) मिलने के बाद अब करीब 20 किसान व व्यापारियों ने यूजर सार्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। इस सार्टिफिकेट को केंद्रीय कृषि विभाग जारी करता है, जिसके मिलने के बाद जीआई टैग लगाकर लीची को बेचा जा सकता है। जीआई टैग से उत्पाद की विशेषता की पहचान होती है, जिससे उत्पाद की मांग बढ़ जाती है।

लीची उत्पादक संगठन के अध्यक्ष शशांशु चतुर्वेदी ने बताया कि अब तक बाजार में हर प्रजाति की लीची को नैनीताल जिले का बताया जाता था, लेकिन अब उत्पाद में जीआई टैक लगने से उसकी पहचान आसानी से हो सकेगी। इससे स्थानीय किसानों व व्यापारियों का लाभ मिलेगा। जिले में रामनगर, कालाढूंगी, चकलुवा, चोरगलिया, हल्द्वानी आदि में लीची की पैदावार होती है।

# नाली और कलमठ खोलने की मांग

**गरमपानी, अमृत विचार :** खैरना बाजार क्षेत्र में कलमठ व बरसाती नाली बंद पड़ी है। ऐसे में हालात बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। चार वर्ष पूर्व हुई मूसलाधार बारिश से बाजार में अव्यवस्था से मलबा व पानी लोगों के घरों में घुस गया था। जिस कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। स्थानीय व्यापारियों ने समय रहते बंद पड़ी नालियों व कलमठ को खोलने की मांग उठाई है। व्यापारी नेता मनीष तिवारी, गजेन्द्र सिंह नेगी, महेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, मनोज नैनवाल ने कहा कि खैरना बाजार अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। जहां जाम एक बड़ी समस्या बन चुका है। वहीं बाजार के दोनों ओर लाखों रुपये की लागत से बनी बरसाती नालियां बंद पड़ी है। उन्होंने समय रहते व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

# तीन बच्चों व एक वृद्ध को परिजनों से मिलाया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अलग-अलग मामलों में लापता हुए तीन बच्चों और एक वृद्ध को पुलिस ने सकुशल बरामद किया और उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

भोटियापड़ाव पुलिस को सूचना मिली की दो बच्चे स्कूल की छुट्टी के बाद भी घर नहीं पहुंचे हैं। पुलिस ने दोनों बच्चों को सीसीटीवी की मदद से सकुशल ढूंढ लिया। वहीं आठ साल का बच्चा बुलंदशहर निवासी अपने माता-पिता के साथ नैनीताल घूमने आया था जो रास्ता भटक गया है। पुलिस ने तत्काल नाव और टैक्सी चालकों से संपर्क किया। कुछ समय बाद बच्चा तल्लीताल में मिल गया। इधर, रविवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि नेपाल की रहने वाली वृद्ध महिला सुकमा थापा उम्र 85 वर्ष अपने पोता-पोती के साथ नैनीताल घूमने आई थी और कहीं बिछड़ गई है। पुलिस ने बोट स्टैंड के पास से वृद्ध महिला को ढूंढ लिया।

# दो छात्रों को वैज्ञानिक बनने का मिला मौका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में बेल्जियम-इंडो प्रोजेक्ट के तहत वैज्ञानिक विशेष ग्रहों का अवलोकन करेंगे। प्रोजेक्ट के तहत वैज्ञानिकों के सहायक के तौर पर काम करने के लिए युवाओं को भी मौका मिल रहा है। इसी के तहत एमबीपीजी कॉलेज के दो छात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है।

एमएससी गणित अंतिम वर्ष के छात्र कार्तिक और लखन ने प्रोजेक्ट में मांगी गई निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदन किया और अपना बायोडाटा एरीज को भेजा। जिसके बाद उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। चयन के बाद छात्र वैज्ञानिकों के साथ सहायक के तौर पर काम करेंगे। जिसमें वह ग्रहों और तारों का अवलोकन करेंगे।

एरीज से जुड़े प्रो. एलपी वर्मा ने बताया कि आसमान साफ होने पर वैज्ञानिक सहायक टेलीस्कोप से विशेष ग्रहों का अवलोकन करेंगे। जिसमें उनकी स्थिति और अन्य विशेषताओं के बारे में पता लगाया जाएगा। बताया कि नीदरलैंड से सोलर जीओ फिजिकल डाटा (सौर भूभौतिकीय डाटा) जारी किया जाता है, जिसके अनुसार विशेष ग्रहों का अध्ययन किया जाता है। साथ ही जिन ग्रहों का अध्ययन पूरा नहीं हुआ है, उनके बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी।

एमबीपीजी भौतिकी के एसोसिएट प्रो. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि लखन और कार्तिक दोनों होनहार बच्चे हैं। उन्होंने एमएससी प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीण की है। तीसरे वर्ष का परीक्षा परिणाम आना अभी बाकी है।

**उत्कृष्ट कार्य करने पर करेंगे पीएचडी**




वैज्ञानिक सहायक के तौर पर काम करने वाले छात्रों को उत्कृष्ट कार्य करने पर एरीज कुमाऊं विश्वविद्यालय के सहयोग से पीएचडी करवाएगा। साथ ही वह वैज्ञानिक सहायक के तौर पर भी काम करते रहेंगे, इस दौरान उन्हें वेतन भी मिलेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भविष्य में वह वैज्ञानिक बन सकते हैं।

**नारद जयंती** | विश्व संवाद केंद्र उत्तराखंड एवं प्रचार विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रांत संघ चालक ने किया संबोधन

# देवर्षि नारद पहले पत्रकार, उनके चरित्र से प्रेरणा लेने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्व संवाद केंद्र उत्तराखंड एवं प्रचार विभाग की ओर से नारद जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न श्रेणियों में पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

रविवार को कुसुमखेड़ा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, कृषि उत्पादन मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. बिष्ट ने कहा कि प्रकृति के पहले पत्रकार देवर्षि नारद थे, वह पूर्णकालिक पत्रकार के रूप में विख्यात थे, आधुनिक पत्रकारों को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने कहा कि पत्रकारिता पूरी प्रमाणिकता के साथ समाज जागरण की दिशा में होनी चाहिए। डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि आज विभिन्न माध्यमों से पत्रकारिता ने अपना महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है। पत्रकारिता प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता की कसौटी पर खरी नहीं उतरी तो इससे समाज एवं देश को बहुत बड़ा नुकसान भी हो सकता है। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि सोशल मीडिया में तमाम प्रकार की सूचनाएं तेजी से फैल रही है, जिसमें भ्रामक एवं दुष्प्रचार सामग्री अधिक शामिल है, इस पर नियंत्रण के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रचार प्रमुख एडवोकेट प्रदीप लोहनी ने किया। इस दौरान सह प्रांत ग्राम्य विकास प्रमुख सतेंद्र, विभाग प्रचार प्रमुख उमेश साह, जिला कार्यवाह गोधन सिंह धोनी, दीवान सिंह जीना, अशोक कुमार, विनीत टंडन, कमलेश त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, विवेक कश्यप, प्रकाश पांडे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर पंत, डॉ कुनाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



विश्व संवाद केंद्र उत्तराखंड एवं प्रचार विभाग हल्द्वानी द्वारा आयोजित नारद जयंती समारोह में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

**इन पत्रकारों का हुआ सम्मान**

जिले का सर्वश्रेष्ठ पत्रकार का सम्मान गणेश जोशी, शिक्षा में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए मयंक जोशी, स्वास्थ्य में लक्ष्मण मेहरा, लोक उत्सव में अमित उप्रेती, विकासपरक के लिए बीसी भट्ट, पर्यावरण के लिए गोविंद बिष्ट, अपराध के लिए दीप बेलवाल, महिला श्रेणी में वंदना आर्य, इलेक्ट्रॉनिक श्रेणी में भूपेंद्र रावत, जन समस्या उठाने के लिए चयन राजपूत को सम्मानित किया गया।

# प्रशासन के आदेश पर रोक लगाने की गुहार

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के मल्लाकोट व बादरकोट समेत तमाम गांवों के प्राकृतिक जल स्रोत से दूसरे गांव को पानी की आपूर्ति किए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। कांग्रेसी नेता ने प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को पत्र भेजकर मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है। बताया है कि जल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच चुका है, ऐसे में छह सौ से ज्यादा परिवार परेशान हो जाएंगे। कहा कि मल्लाकोट व बादरकोट गांव को जजूला स्थित प्राकृतिक जल स्रोत से पानी की आपूर्ति की जाती है। पूर्व में दोनों गांवों के अलावा दूसरे गांव को आपूर्ति शुरु कर दी गई। जिसका ग्रामीणों ने विरोध भी किया था। कृपाल सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि लगातार जल स्रोत में जल स्तर कम होता जा रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव से मामले की जांच को सक्षम अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग उठाई है।

## दो बाइकों में टक्कर के बाद मारपीट

**बाजपुर:** दो बाइकों में टक्कर के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक युवक के चोटें आई हैं, जिसे पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। पीड़ित ने दो भाइयों पर अपने 4-5 अन्य साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है। वार्ड नंबर-6 केशवनगर निवासी दीपक कश्यप उर्फ ब्रावो ने पुलिस को बताया कि 25 मई की देर रात करीब 9:30 बजे वह बाइक पर ग्राम चकरपुर से अपने घर की ओर जा रहा था। तभी डा. पांडेय आवास के नजदीक दूसरी दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी तथा गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो उसने फोन करके अपने भाई व 4-5 अन्य साथियों को बुला लिया, जिन्होंने आते ही पास में एक दुकान के बाहर रखी फंटी उठाकर हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों को एकत्र होता देख हमलावर फरार हो गए।



# रंपुरा बस्ती में सिपाहियों से हाथापाई, पथराव

## एक सिपाही हुआ चोटिल, शनिवार देर रात्रि की है घटना, मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाकों में अपराधी इतने बेखौफ हो चुके हैं कि अब उन्हें कानून का खौफ भी नहीं है। ऐसा ही एक घटना देर रात्रि घटित हुई। जहां झगड़े की सूचना मिलने पर निकले रंपुरा चौकी के दो सिपाहियों पर किसी घटना की योजना बना रहे अपराधियों ने पहले सिपाहियों से हाथापाई की और जमकर पथराव शुरू कर दौड़ा डाला। जिसमें एक सिपाही चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही आला अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रंपुरा चौकी में तैनात सिपाही गणेश सिंह धानिक ने बताया कि 25 मई की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे के करीब डायल 112 पर सूचना मिली कि वार्ड-23 में दो भाइयों में झगड़ा हो रहा है। सूचना मिलते ही सिपाही गणेश अपने साथी पूरन राम के साथ मौके के लिए रवाना हुआ कि सत्ता चौक पर छह से सात युवक घेरा बनाकर खड़े हुए थे। जब सिपाहियों ने युवकों को सख्त लहजे में टोका, तो राहुल कोली और पंकज कोली उर्फ खरगोश जो कि बदमाश प्रवृत्ति के हैं ने बाइक रोककर सिपाही पूरन सिंह का गिरेबान पकड़कर हाथापाई करनी शुरू कर दी। हमलावरों के साथी सोनू, कशिश, दीपक उर्फ टांडा, जैकी, तरुण ने एक राय होकर हमला शुरू कर दिया और जबरदस्त पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसे देखकर सिपाहियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। पथराव में सिपाही गणेश धानिक का पैर जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही सीओ निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी नवीन बुधानी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी लेने के बाद जख्मी सिपाही का उपचार करवाया।



पथराव में घायल सिपाही। ● अमृत विचार

### हेलमेट छीनकर मारने का किया प्रयास

**रुद्रपुर:** शनिवार की देर रात्रि हुई दुस्साहिक वारदात के दौरान हमलावर इतने बेखौफ थे कि सिपाहियों पर हमले के दौरान एक हमलावर ने सिपाही का ही हेलमेट छीनकर उसी के सिर पर मार दिया। गनीमत यह रही कि सिपाही पीछे की ओर हट गया। वरना सिपाही गंभीर रूप से घायल हो सकता था। यहीं नहीं हमलावरों ने कई बार सिपाहियों को खींचकर सुनसान इलाके में ले जाने का भी प्रयास किया।

### सिपाहियों ने किया कई बार मुकाबले का प्रयास

**रुद्रपुर:** रंपुरा बस्ती में देर रात जिस वक्त वहां खड़े दबंगों ने सिपाहियों को घेर लिया था। उस वक्त पुलिस कर्मियों को एहसास नहीं था कि सभी युवक संगठित होकर जानलेवा हमला भी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि जैसे ही सिपाही पूरन का गिरेबान हमलावरों ने पकड़ा। वैसे ही सिपाही गणेश ने हिम्मत दिखाते हुए मुकाबले का प्रयास किया। बावजूद इसके अचानक आरोपी युवकों के साथी ने भी हमला शुरू कर दिया। दोनों सिपाहियों ने काफी देर तक मुकाबले का प्रयास किया। बाद में वहां से निकलना ही उचित समझा।

### वर्ष 2022 में भी हो चुका है सिपाही पर हमला

**रुद्रपुर:** रंपुरा के बदमाशों का यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि 19 मार्च 2022 को भी झगड़े की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रंपुरा चौकी में तैनात सिपाही विजेंद्र शर्मा पर भी प्राणघातक हमला हो चुका है। जिसमें 10 से 12 युवकों ने सिपाही पर कई प्रहार किए थे और सिपाही की बमुश्किल जान बचाई गई थी। प्रकरण में कई गिरफ्तारियां होने के बाद 24 मई 2024 को पुलिस ने दो साल से फरार आरोपी वार्ड-22 निवासी मुकेश उर्फ मकोड़ा और आयुष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था।

"चौकी के सिपाहियों पर हमला करने वालों को चिह्नित कर लिया गया है और सिपाही की तहरीर पर मुकदमा भी पंजीकृत हो चुका है। नामजद आरोपी आपराधिक प्रवृति के बताए जा रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाल और चौकी प्रभारी के नेतृत्व में टीमों का गठन कर दिया गया है। पुलिस लगातार गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-निहारिका तोमर,** सीओ सदर, रुद्रपुर।

# जाम खुलवा रही सिपाही को हाइड्रा ने मारी टक्कर

**घटना**

- यातायात पुलिस में तैनात है महिला सिपाही
- पैर का हुआ ऑपरेशन, हाइड्रा चालक फरार

संवाददाता, रुद्रपुर



अस्पताल में भर्ती महिला सिपाही।

**अमृत विचार:** इंद्रा चौक पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस में तैनात एक महिला सिपाही को हाइड्रा ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में सिपाही का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। महिला सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन किया। वहीं घटना के दौरान चालक हाइड्रा छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हाइड्रा को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

यातायात पुलिस में तैनात महिला सिपाही कांता अग्रवाल रोजमर्रा की तरह इंद्रा चौक पर तैनात थी। रविवार की शाम साढ़े पांच बजे चौराहे पर जाम लग गया। जिसे देख महिला सिपाही जाम को खुलवाने की कोशिश कर रही थी कि पीछे से हाइड्रा ने उसे टक्कर मार दी। घटना के दौरान महिला सिपाही के एक पैर पर हाइड्रा का टायर चढ़ गया। इसे देखकर चालक हाइड्रा गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर सीपीयू प्रभारी राकेश सिंह बिष्ट और कोतवाल धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही चालक की तलाश शुरू कर दी। उधर, डॉक्टर प्रदीप अदलखा ने बताया कि महिला सिपाही के एक पैर का मांस और हड्डी बुरी तरह से टूट गई। इस वजह से घायल के पैर का ऑपरेशन किया गया। घायल की हालत स्थिर बनी हुई है।

# जवाहरनगर के मनीष बेस्ट एक्टर को नामित

संवाददाता पंतनगर



**अमृत विचार:** अल्मोड़ा और पंतनगर में शूट हिंदी फीचर फिल्म 'डियर लतिका' न्यूयार्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में धूम मचा रही है। कंचन पंत द्वारा निर्देशित इस फिल्म के मुख्य किरदार जवाहरनगर निवासी मनीष डिमरी को बेस्ट एक्टर के लिए नामित किया गया है। इससे उनके परिजनों और पड़ोसियों में हर्ष और गर्व की अनुभूति है।

आर्मी से सेवानिवृत्त डिमरी कॉलोनी जवाहरनगर निवासी बिशन दत्त डिमरी और गृहणी सावित्री डिमरी का एक पुत्र और एक पुत्री का छोटा सा परिवार है। पुत्री का विवाह हो चुका है और पुत्र मनीष डिमरी मुंबई के बॉलीवुड में अभिनय करता है। मनीष ने पंतनगर के कैंपस स्कूल से वर्ष 2008 में 12वीं करने के बाद देहरादून के उत्तरांचल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीटेक की पढ़ाई पूरी की है। बचपन से थियेटर में रूचि के चलते मनीष पढ़ाई के दौरान नाटकों में लेते रहे। वर्ष 2013 में मनीष ने अभिनेता अनुपत खेर के 'एक्टर प्रिपेयर्स' नामक एक्टिंग स्कूल में दाखिला ले लिया। यहा पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने श्रीराम सेंटर से एक साल थिएटर की पढ़ाई के साथ रंगमंडल, धारावाहिकों और छोटी फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया।

### अमिताभ बच्चन सहित पांच अन्य से है मुकाबला

**पंतनगर:** न्यूयार्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मनीष सहित अमिताभ बच्चन को द उमेश क्रॉनिकल्स के लिए, आतिश शेट्टी को मिथ्या के लिए, मोहित अग्रवाल को आगरा के लिए, रोशन मैथ्यू को पैराडाइज के लिए और शार्दुल भारद्वाज को द स्केवेंजर ऑफ ड्रीम्स के लिए नामित किया गया है। मनीष का मुकाबला महानायक सहित पांच अन्य से है, अब देखना दिलचस्प होगा कि बाजी कौन मारता है।

## बैटरी चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जसपुर:** पतरामपुर रोड पर खड़े ट्रक से बैटरी चोरी कर ई-रिक्शा में लादकर ले जा रहे दो चोरों को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। मोहल्ला छीपीयान निवासी अनिल कुमार व अन्य लोग दो बैटरी चोरों को पकड़ कर कोतवाली पहुंचे। अनिल कुमार ने उनके खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें उन्होंने कहा कि उसके ट्रकों से कई बार बैटरी चोरी हो चुकी थी। इसलिए ट्रक यूनियन पतरामपुर रोड के किनारे खड़े ट्रकों की निगरानी करने के लिए प्रति रात्रि वह स्वयं और आनंद मिस्त्री, खुर्शीद अहमद, नसीम अहमद आदि के साथ घूम रहे थे। रात करीब 12:30 बजे ट्रक से बैटरी चोरी करके दो युवक ई रिक्शा में रख कर ले जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान भट्टा कॉलोनी नई बस्ती निवासी नफीस उर्फ मंत्री व चांद मस्जिद नई बस्ती निवासी दानिश उर्फ जुम्मन के रूप में हुई। पुलिस ने ई- रिक्शा को सीज कर दिया।

# बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग की दो महिलाओं सहित चार दबोचे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** एक सप्ताह पूर्व टेढ़ाघाट में एक घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी चुराने के मामले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 15 लाख के सोने चांदी के जेवरात, चोरी के पैसे से खरीदी गई बाइक भी बरामद की है।

टेढ़ाघाट निवासी कैलाश चंद्र जोशी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने उस समय लाखों के जेवरात और नकदी चुरा ले गए थे। जब पूरा परिवार 15 मई को कैंचीधाम दर्शन को गया था।

कोतवाली में रविवार को चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध चंद्रशेखर घोड़बोले ने बताया कि पुलिस, एसओजी सर्विलांस और फॉरेंसिक टीमों की मदद लेकर घटनास्थल से आसपास के अलावा मझोला, पीलीभीत, बरेली क्षेत्रों के 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर हल्दी पुल मझोला के पास चेकिंग के दौरान स्कूटी संख्या यूके06 एवाई 8903 और बाइक संख्या यूपी25 डीवी 6021 जिसपर दो पुरुष और दो महिलाएं बैठी थीं को रोका। पूछताछ में उन्होंने स्वयं को इमरान निवासी वार्ड दो ईदगाह रोड खटीमा, खुशबू पत्नी अशरफ उर्फ मुन्ना उर्फ कालिया ईदगाह रोड, मो. फैजान और उसकी पत्नी सिम्मी निवासी मदीना मस्जिद के पास नौगवा, पकड़िया, इस्लामनगर, थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत बताया। तलाशी में पुलिस ने उनके कब्जे से 154.56 ग्राम पीली धातु और 801.5 ग्राम सफेद धातु के जेवरात बरामद किए। बरामद सामान की शिनाख्त कैलाश जोशी और राशिद अंसारी ने की। इससे पहले राशिद अंसारी के घर से भी चोरी हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग गिरोह के रूप में काम करते हैं, जिसमें असरफ उर्फ मुन्ना तथा अकील पुत्र मुन्ने चोरी करते हैं। चोरी के सामान को चारों में आपस में बांट लेते हैं और फिर उस सामान को बेचकर उससे अर्जित धन को अशरफ व अकील को दे देते हैं। उसमें से वह लोग हमें हमारा हिस्सा दे देते हैं।

आरोपी इमरान ने बताया कि अशरफ और अकील चोरी की घटना को अंजाम देने के लिये उसकी स्कूटी का इस्तेमाल करते हैं, टेड़ाघाट में चोरी करने के दिन भी असरफ उर्फ मुन्ना और अकील ने उसकी स्कूटी का इस्तेमाल किया था। फैजान ने बताया कि चोरी के जेवरातों में से कुछ बेचकर उन्होंने बरेली से बाइक खरीदी थी।



खटीमा में चोरी का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक क्राइम।

### अशरफ और अकील करते है गैंग का संचालन

खटीमा: पकड़े गए आरोपियों से उजागर हुआ है कि चारों के इस गैंग का संचालन अशरफ उर्फ कालिया और अकील करते हैं जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। आरोपियों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र और बाहरी राज्यों में दुपहिया वाहनों से ऐसे घरों की रेकी करते हैं जो बंद हों। घरों को चिन्हित कर घर का ताला तोड़कर अथवा आलानकब से घरों से नकदी और जेवरात उड़ा लेते हैं। यह भी बताया कि अशरफ उर्फ मुन्ना उर्फ कालिया निवासी ग्राम सिरोली कलां, थाना पुलभट्टा हाल निवासी वार्ड संख्या दो ईदगाह रोड और अकील निवासी वार्ड संख्या पांच इस्लामनगर बन्द घरों से चोरी करते हैं। चोरी के जेवरात को बेचने के लिए इमरान, खुशबू, फैजान और सिम्मी को देते हैं और स्वयं अपने घरों को छोड़कर फरार हो जाते हैं। इसके बाद इमरान, खुशबू, फैजान व सिम्मी उक्त चोरी के आभूषणों को थोड़ी थोड़ी मात्रा में शहर से बाहर दूरस्थ स्थानों में ले जाकर बेचते हैं।

### आरोपियों की पत्नियां भी देती हैं साथ

**खटीमा:** जहां अशरफ और अकील चोरियों को अंजाम देते हैं वहीं जेवरातों को बाहर ले जाकर बेचने में अशरफ की पत्नी खुशबू के साथ ही फैजान और उसकी पत्नी सिम्मी भी उनका साथ देती हैं। पकड़ी गई खुशबू और सिम्मी पर पहले ही तीन-तीन मामले दर्ज हैं जिनमें पीलीभीत सुनगढ़ी कोतवाली में भी मामला दर्ज है।

### टीम में ये रहे शामिल

**खटीमा:** पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत, प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई अशोक कुमार, थानाध्यक्ष झनकईया अनिल जोशी, उप निरीक्षक ललित बिष्ट, अशोक कांडपाल, प्रियांशु जोशी, संदीप पिलख्वाल, किशोर पंत, हरेंद्र थापा, कमल पाल, प्रेम प्रकाश, इसाक मोहम्मद, नवीन खोलिया, दीपक कुमार, पूरन सिंह, शांतिलाल, रमेश जीना, राहुल सहित सर्विलांस टीम के मोहन बोरा और भूपेंद्र शामिल थे।

### खेत में बैठने से मना करने पर की मारपीट

**बाजपुर:** रोजाना बेवजह खेत में जाकर बैठने से मना करने पर एक युवक ने खेत मालिक पर हमला कर दिया। आरोपी युवक नशे का आदी बताया जा रहा है। ग्राम धनसारा निवासी आसिफ अली ने पुलिस को बताया कि गांव के नजदीक उसका खेत है। इसमें नशा करने के आदी कुछ युवक रोजाना जाकर बेवजह बैठ रहे हैं। रविवार को वह अपने खेत पर गया तो वहां गांव का ही एक युवक बैठा हुआ था। आरोप है कि उससे खेत में नहीं बैठने की बात कही तो वह आग-बबूला हो गया और धारदार हथियार निकालकर आसिफ पर हमला कर दिया।

### स्व. देव सिंह अधिकारी के नाम से जानी जाएगी कॉलोनी

**खटीमा:** पूर्व सैनिक संगठन गंभीर सिंह धामी ने मेलाघाट रोड स्थित एक कॉलोनी का नामकरण किया। अब यह कॉलोनी स्व. देव सिंह अधिकारी कॉलोनी के नाम से जानी जाएगी। इस दौरान कॉलोनीवासियों की बैठक में उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं नगर पालिका चुनाव पर भी गहन मंथन किया गया। इस दौरान धन सिंह सामंत, कविता अधिकारी, किशन धामी, राम सिंह जेठी, नरेंद्र चंद्र जोशी, अंजू गुप्ता, भानु प्रताप गुप्ता, दान सिंह पोखरिया, पंकज जोशी, विजेंद्र बहादुर, प्रेम सिंह धामी, धन सिंह बोरा, राम सिंह रुमाल, प्रेम सिंह, बसंती देवी आदि मौजूद रहे।

# परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर रविवार देर सायं बैंड-बाजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

रविवार को परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से जुड़े समाज के लोग कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थापित मंदिर में एकत्रित हुए। जहां से देर सायं शुरू हुई शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब, मुख्यमार्ग, इंटर कालेज मार्केट, भगत सिंह चौक, रामराज रोड, भोना बिराहा मोड़, सरकारी अस्पताल के बाद मझरा बक्श से होते हुए चीनी मिल स्थित शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड-बाजे के साथ ही भगवान परशुराम जी, श्रीहनुमान जी, श्रीगणेश जी, श्रीराधा-कृष्ण, भगवान शंकर-पार्वती, भारत माता आदि आकर्षक झांकियां भी प्रदर्शित की गईं।

इसके अलावा शोभायात्रा के साथ ही बाइक रैली भी निकाली गई। इस मौके पर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष हेम भट्ट, नगराध्यक्ष विजय शर्मा, पं.जितेंद्र कुमार शर्मा, पं.विराट देवगन, मुकुंद शुक्ला, विमल शर्मा, विशेष चंद शर्मा, पं.मूलशंकर शास्त्री, उमेश जोशी, जगदीश पांडेय, राजदीप तिवारी, शशिकांत कौशिक, पारस शर्मा, सुभाष शर्मा, बच्चू राम, राधाकांत मिश्रा, शीतलाप्रसाद मिश्रा, हरीश भट्ट, विवेक मिश्रा, आशु भट्ट, रिंकू शर्मा, राजाराम तिवारी, कुलदीप पाठक, रम्मी शर्मा, मनीषा शुक्ला, शालिनी शर्मा, राहुल शर्मा, अभिषेक तिवारी, अमित शर्मा, सुमित तिवारी आदि मौजूद थे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।



बाजपुर में निकलती शोभायात्रा। ● अमृत विचार

### सुरई रेंज में गुलदार का शव मिलने से हड़कंप

**खटीमा:** वन विभाग की टीम ने सुरई रेंज के सरपुड़ा नवदिया क्षेत्र से गुजरने वाली बीसलपुर ब्रांच नहर से गुलदार का शव बरामद किया। गुलदार के सभी अंग सुरक्षित हैं और दो चिकित्सकों की टीम ने रविवार को गुलदार का पोस्टमार्टम किया। सुरई रेंज की गश्ती टीम ने शनिवार देर शाम कक्ष संख्या 14 की बीसलपुर ब्रांच नहर की झाड़ियों में फंसा गुलदार का शव देखा। उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा को दिया। सूचना मिलते ही एसडीओ वर्मा, रेंजर राजेंद्र मनराल ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। नहर से शव को निकलने में रात होने के कारण शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया। गुलदार का पोस्टमार्टम दो चिकित्सकों डॉ आयुष उनियाल और डॉक राहुल के पैनल द्वारा किया गया। एसडीओ वर्मा ने बताया कि गुलदार करीब 8-9 वर्ष का है और उसके शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए और शरीर पर किसी चोट आदि के निशान भी नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव को जला दिया गया। मौके पर वन क्षेत्र अधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल, डिप्टी रेंजर सतीश रेखाडी, बीट अधिकारी सतपाल सिंह, दीपक, देवेंद्र आदि थे।

### रक्तदान कर बचाई बुजुर्ग महिला की जान

**किच्छा:** देवभूमि फाउंडेशन की टीम ने रक्तदान कर रुद्रपुर के गौतम अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग महिला की जान बचाई। फाउंडेशन अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने बताया कि टीम सदस्य महेश कुमार सागर ने अस्पताल पहुंचकर प्लेटलेट डोनेट किया।




प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


**पहल** स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ में लेकर लोगों को पक्षियों के प्रति कर रहे जागरूक

# गर्मी से बेहाल पक्षियों के लिए बांट रहे प्याले

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बढ़ती गर्मी को देखते हुए गर्मी से बेहाल पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए सहायक गन्ना आयुक्त निलेश कुमार तथा रामपुरम एक्सटेंशन के बच्चों द्वारा एक पहल की गई है। इसमें बच्चे पक्षियों को गर्मी में पानी मुहैया कराने के मकसद से कॉलोनी में घर-घर जाकर मिट्टी के प्याले बांट रहे हैं। साथ ही स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

बच्चों ने कॉलोनी वासियों को मिट्टी के प्याले देकर लोगों से अपील की कि आप पूरी गर्मी प्याले में पानी भरकर छत या घर के आसपास रखें। इससे गर्मी में बेहाल पक्षी पानी पी सकें। वहीं बच्चों ने लोगों से पानी के साथ कुछ खाने के लिए भी रखने का निवेदन किया। इस दौरान बच्चों ने एक प्याला पानी एक मुट्ठी दाना, चिड़ियों का लगा रहेगा आपके घर आना जाना और चिड़ियों के साथी हम बच्चे, करेंगे उनकी देखभाल का नारा भी दिया। सहायक गन्ना आयुक्त निलेश कुमार ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य बच्चों के मध्य पशु पक्षियों के बचाव तथा रक्षा के लिए जागरूकता पैदा करना है। कहा कि बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य है, यदि वह अपने जैव विविधता को संरक्षित करना सीख लेंगे तो हमारी जैव विविधता संरक्षित रहेगी। इस मुहिम में रामपुरम एक्सटेंशन कॉलोनी के बच्चे वंशिका, भाविका, अद्विका उमंग, कनिष्ठ,सौम्या आदि ने भाग ले रहे हैं।



रामपुरम एक्सटेंशन कॉलोनी में पक्षियों के प्रति लोगों को जागरूक करते हाथ में तख्ती लिए बच्चे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321

अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488

काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690

197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### गंदगी फैलाने पर चार दुकानदारों के चालान

**काशीपुर :** चैती मेला समाप्ति के 21 दिन बाद भी कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान मैदान से नहीं हटाई हैं। साथ ही ये दुकानदार मैदान में कूड़ा व गंदगी भी कर रहे हैं। इसका संज्ञान लेकर नगर निगम की टीम ने मैदान में पहुंचकर इन दुकानदारों को वहां से हटाया और गंदगी करने पर जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी ने नगर निगम कर्मियों के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए 9500 रुपये के चार चालान किए।

### स्कूल गई नाबालिग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर :** काशीपुर के फसियापुरा दढ़ियाल क्षेत्र में स्कूल गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ग्राम फसियापुरा दढ़ियाल रोड निवासी हरगुलाल गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को कुमकुम अलीगंज रोड स्थित एक स्कूल में पढ़ने गई थी, जो वापस नहीं लौटी।

### बड़ी मार्केट में हर दुकान की यही कहानी, दीवारों पर उगे पेड़, खुले सीवर-बजबजाती नालियां, झूलते तार और दुकानों के ऊपर आवासों से रिसता पानी


# गंदगी के बीच काम करने को मजबूर पंतनगर विवि परिसर के व्यवसायी

ग्राउंड रिपोर्ट

**मृगांक मौली, पंतनगर**

**अमृत विचार:** परिसर में बड़ी मार्केट के व्यवसायी आज विवि प्रशासन की उपेक्षा के शिकार हैं और नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। 70 के दशक में अस्तित्व में आई बड़ी मार्केट रखरखाव के अभाव में आज जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गई है। दीवारों पर उगे दरख्त, खुले सीवर-बजबजाती नालियां, झूलते तार और दुकानों के ऊपर बने आवासों से रिसता गंदा पानी अपनी कहानी खुद बयां कर रहे हैं।

वर्ष 1960 में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की स्थापना के साथ ही यहां नियुक्त कर्मियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मार्केट का निर्माण कराया गया था। इसमें 86 दुकानें बनाकर विभिन्न ट्रेड्स के अनुसार व्यवसायियों को आवंटित कर, उनके निवास के लिए मार्केट के ऊपर ही दो कमरों के 30 आवास बनाकर दिए गए थे। साथ ही शेष व्यवसायियों को परिसर की विभिन्न कॉलोनियों में आवास आवंटित किए गए थे। इधर विवि प्रशासन समय-समय पर इन व्यवसायियों की दुकानों और आवासों का किराया तो बढ़ाता रहा, लेकिन उनकी दुकानों और आवासों की मरम्मत करवाने की जहमत नहीं उठाई। इसके चलते लगभग पचास वर्ष बाद आज यह मार्केट जीर्ण-शीर्ण हो चली है। वहीं विवि के जिम्मेदार अधिकारियों से इस बाबत पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि शासन से मिलने वाले बजट के अभाव में परिसर की दुकानों, आवासों और सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है।


दीवारों पर उगे पेड़ और आवासों से रिसता पानी।


खुले पड़े सीवर और बजबजाती नालियां।



झूलते तार और बरामदे में आवासों का टपकता पानी।


मार्केट में यूरिनल नहीं होने से लोगों को रोज खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। इससे क्षेत्र में बदबू फैलती है। मार्केट के आवासों से रिसता पानी ग्राहकों के ऊपर गिरता है। किसी भी गटर के मैनहोल पर ढक्कन नहीं है। विवि प्रशासन की उपेक्षा से मार्केट के व्यवसायियों व ग्राहकों का बुरा हाल है। **-रितेश सिंह,** गिफ्ट आइटम व्यवसायी, बड़ी मार्केट


परिसरवासियों सहित विवि के अधिकारी भी लगभग रोज मार्केट आते हैं। लेकिन फिर भी हमारी आवाज कोई नहीं उठाता। मार्केट के बीच बने पार्क का सौंदर्यीकरण कर वहां बेंच लगाकर बैठने की व्यवस्था की जा सकती है। शाम को प्रकाश की उचित व्यवस्था हो तो यह पार्क आकर्षण का केंद्र बन सकता है। **-सुभाष खुराना,** दवा व्यवसायी, बड़ी मार्केट


मार्केट अत्यंत जर्जर हालत में है, पता नहीं कब किसी छज्जे की ईंट किसी ग्राहक या दुकानदार के सिर पर गिर जाए। प्रत्येक दस कदम पर सीवर का पानी रिस रहा है। आवासों की हालत भी खराब है। प्रशासन मार्केट के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। **-अमन गाबा,** पंतनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष, बड़ी मार्केट


विवि प्रशासन का जोर दुकानों व आवासों का किराया बढ़ाने पर है। जबकि मार्केट का हाल खराब है। दीवारों पर उगे पीपल के पेड़, बरामदों में रिसता सीवर का पानी, झूलते बिजली के तारों से साफ है कि प्रशासन बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। **-दीपक देउपा,** महामंत्री पंतनगर व्यापार मंडल, बड़ी मार्केट

# 78 घंटे की कार्रवाई के बाद लौटी आयकर टीम

### रौनिक की तबीयत बिगड़ने के बाद लिया निर्णय, 3.30 लाख कैश, महज 31 लाख का निकला सोना

छापेमारी

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** पिछले 78 घंटे से शहर में विनायक ग्रुप के ठिकानों पर चल रही लखनऊ आयकर विभाग की छापेमारी आखिरकार समाप्त हो गई। चर्चा है कि विनायक ग्रुप के संचालक रौनिक की हालत बिगड़ने के बाद टीम ने ग्रुप के सभी ठिकानों से अपना कब्जा छोड़ दिया और चौथे दिन तक की कार्रवाई में आयकर विभाग के सामने कुछ लाख कैश और नारंग परिवार के सदस्यों को मिलाकर लाखों का सोना मिलने की चर्चा है। इसको टीम ने गवाह के सामने वापस भी कर दिया।

गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे लखनऊ आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर पीएस पंचपाल, इनकम टैक्स अधिकारी मुकेश कुमार व दीपक कुमार की मौजूदगी में टीम ने विनायक ग्रुप के गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट, राम नगर स्थित विनायक प्लाई के अलावा सिविल लाइंस स्थित रौनिक नारंग को बंधक बनाकर पूछताछ की थी, जबकि विनायक ग्रुप के पार्टनर सौरभ गाबा के एलायंस कॉलोनी स्थित आवास में सर्च अभियान चलाया था। चर्चा है कि जैसे ही रविवार की सुबह साढ़े दस बजे विनायक ग्रुप के संचालक रौनिक नारंग की हालत बिगड़ी, वैसे ही आयकर विभाग की टीम ने सभी ठिकानों को छोड़ने का फैसला लिया और सभी ठिकानों पर 78 घंटे की रेड करने के बाद आखिरकार ठिकानों को खाली कर दिया। बताया जा रहा है कि 78 घंटे की कार्रवाई में अब तक आयकर विभाग को सिविल लाइंस स्थित रौनिक के आवास से 3.30 लाख रुपये नकद, जबकि पूरे नारंग परिवार के पास 31 लाख रुपये का सोना होने की बात सामने आई है। इस पर टीम ने अधिवक्ता को गवाह बनाते हुए बरामद नगदी व जेवरात की सूची हस्ताक्षर करवाकर परिवार के सुपुर्द कर दी। शहर में आयकर विभाग की टीम के जाने के बाद नारंग परिवार के मुखिया ने भी अपनी भड़ास निकाली।


78 घंटे की कार्रवाई के बाद सिविल लाइंस स्थित आवास से बाहर निकलती आयकर विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### झूठी सूचना देने वाले का इंसाफ करेंगे भगवान : नारंग

**रुद्रपुर :** 78 घंटे तक आयकर विभाग के सवालों का जवाब देने वाले विनायक ग्रुप फर्म एवं नारंग परिवार के मुखिया गुलशन नारंग ने कहा कि हर पिता का सपना होता है कि उनके बेटे तरक्की करें। बच्चों ने कड़ी मेहनत कर अपना कारोबार बढ़ाया, लेकिन इस खुशी से नाखुश किसी प्रतिद्वंद्वी ने आयकर विभाग को झूठी शिकायत की और छापेमारी हुई। इसके अलावा शहर में झूठी अफवाह फैलाई गई कि करोड़ों का जखीरा मिला है, जबकि सत्यता यह है कि पूरी कार्रवाई में 3 .30 लाख कैश और पूरे परिवार के पास 31 लाख के जेवरात हैं। पूछे गए सवाल में नारंग ने कहा कि भगवान झूठी शिकायत करने वालों के साथ इंसाफ करेंगे और नारंग परिवार ईमानदारी से अपना कर्तव्य पूर्ण करते रहेंगे।

### चौथे दिन की दोपहर तक चला सर्च अभियान

**रुद्रपुर :** छापेमारी के दौरान गुरुवार को एलायंस कॉलोनी स्थित विनायक ग्रुप के पार्टनर सौरभ गाबा के आवास पर कोई नहीं मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने शुक्रवार को मकान को सील व नोटिस चस्पा कर दिया था और शनिवार को अचानक सील खोलकर सर्च अभियान शुरू किया था। रेड के चौथे दिन की दोपहर दो बजे तक आयकर विभाग की टीम ने सर्च मुहिम को अंतिम रूप दिया और आला अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई पूर्ण कर खाली कर दिया।

# तीन दिन से हो रही पूछताछ के बाद रौनिक की हालत बिगड़ी

हंगामा

- विनायक ग्रुप के संचालक हैं रौनिक नारंग, सीने में उठा दर्द व्यापारियों ने किया हंगामा

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** विनायक ग्रुप के संचालक रौनिक नारंग से हो रही तीन दिन से लगातार पूछताछ के बाद अचानक रौनिक की हालत बिगड़ गई और आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी सूचना मिलते ही व्यापारी और शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे और हंगामा काटते हुए आयकर विभाग की टीम पर गंभीर आरोप लगाने लगे।

गुरुवार को लखनऊ आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, इनकम टैक्स अधिकारी मुकेश कुमार व दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम ने विनायक ग्रुप की फर्म व आवास पर छापामार कार्रवाई की थी और दो दिन पूछताछ करने के बाद नारंग फर्नीचर मार्ट के संचालक गुलशन नारंग को छोड़ दिया था, लेकिन सिविल लाइंस स्थित विनायक ग्रुप के संचालक रौनिक नारंग को परिवार सहित नजरबंद कर आयकर विभाग की टीम पिछले तीन दिन से लगातार पूछताछ कर रही थी।

कार्रवाई के चौथे दिन यानी रविवार को अचानक ग्रुप के संचालक रौनिक के सीने पर दर्द, घबराहट और ब्लड प्रेशर गिरने लगा। इसे देखकर परिवार में हड़कंप मच गया और ग्रुप के संचालक को सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच रौनिक का उपचार शुरू हुआ। छात्र नेता व ग्रुप के संचालक की तबीयत बिगड़ने की खबर शहर में फैली, तो प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित तमाम व्यापारी व शुभचिंतकों का अस्पताल में तांता लग गया। जब व्यापारी व लोग मिलने जाने लगे तो पुलिस व आयकर विभाग ने उन्हें रोक दिया। इसे देखकर गुस्साए लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर अस्पताल संचालक डॉ. नीतिक बाठला ने मौके पर आकर मामला शांत किया और एक-एक कर मरीज से मिलने की अनुमति दी। कारोबारी की हालत बिगड़ने पर व्यापारी नेताओं ने आयकर विभाग की टीम पर कई गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, संदीप चीमा, पवन शर्मा, योगेश चौहान, प्राजल गाबा, गौरव खुराना आदि मौजूद रहे।


अस्पताल में भर्ती रौनक का हाल चाल जानते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

# बैटरी रिसाइक्लिंग प्लांट में लगी आग

अग्निकांड

- लाखों रुपये के नुकसान की संभावना, टीम आंकलन में जुटी

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार :** काशीपुर के महुआखेड़ागंज में स्थित एक बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो फायर यूनिट ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं प्रथम दृष्टया में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

रविवार की सुबह महुआखेड़ागंज स्थित बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट में आग लग गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी प्लांट संचालक व अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग की दो यूनिट ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। काशीपुर अग्निशमन के प्रभारी गोविन्द राम ने बताया कि आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चला है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्लांट में नुकसान का आंकलन भी किया जा रहा है। फिलहाल आग से 16 से 18 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।


महुआखेड़ा गंज स्थित प्लांट की आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मी।

### अंडरपास के लिए सिग्नल हटाने का काम शुरू

**काशीपुर:** बाजपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रेलवे बरसात के बाद विधिवत रूप से कार्य करेगा।

शनिवार को रेलवे जंक्शन के फाटक संख्या 39 पर अंडरपास निर्माण के लिए सिग्नल हटाने का कार्य शुरू हुआ। इस कार्य में करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है। इससे क्षेत्रवासियों को आवाजाही में आसानी होगी। बता दें कि बाजपुर रोड पर बन रहे आरओबी निर्माण के चलते रेलवे फाटक पर दीवार बनाकर रास्ता बंद करने की बात की जा रही थी। इसका विरोध करते हुए पिछले साल काशीपुर डेवलपमेंट फोरम ने शहर को दो हिस्सों में बंट जाने और जनता को परेशानी होने की बात करते हुए अंडरपास बनाने की मांग की थी।

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** शादी समारोह से पैदल घर लौट रहे युवक को एक बाइक चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।


आदिल।

जसपुर-पतरामपुर मार्ग के मोहल्ला नई बस्ती भट्टा कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय युवक आदिल अपने फुफेरे भाई मोहल्ला पुराना मछली बाजार, जसपुर निवासी तहसीन के शादी समारोह से शनिवार को रात्रि करीब 11 बजे अपने दो साथियों के साथ पैदल अपने घर जा रहा था। तभी एक मोटरसाइकिल चालक ने आदिल को पीछे से टक्कर मार दी । इससे आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से लोग उत्तेजित हो गए। सूचना मिलने पर बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उत्तेजित लोगों को समझाकर किसी तरह शांत किया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आदिल को जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आदिल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, आदिल के परिवार में कोहराम मच गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि उसकी हालत भी चिंताजनक है। बताया गया कि मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। मोटरसाइकिल चालक जसपुर की गांगूवाला सुभाष नगर कॉलोनी का रहने वाला है।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

आदिल की मौत के बाद उसके फुफेरे भाई तहसीन के शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। शादी समारोह में भाग ले रहे आदिल के परिजनों व अन्य लोगों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। मृतक आदिल पांच भाइयों में चौथे नंबर का भाई था।

### मृतक के पिता हैं लकड़ी व्यापारी

मृतक आदिल के पिता अहमद नबी लकड़ी व्यापारी हैं। उनकी दुकान जसपुर लकड़ी मंडी में वीर अब्दुल हमीद द्वार रोड पर स्थित है। बताया गया कि आदिल पहले पुराना पोस्ट ऑफिस के पास नाला रोड पर लकड़ी के कारोबार की अपनी अलग दुकान करता था। लेकिन किसी कारणवश उसने अपनी दुकान बंद कर दी थी और आजकल वह अपने पिता के साथ ही काम करता था।

### शोक में लकड़ी मंडी और बाजार रहा बंद

सड़क हादसे में हुई आदिल की मौत के शोक में लकड़ी मंडी व उसके आसपास का बाजार बंद रहा। यहां तक कि जसपुर की लकड़ी मंडी में आयोजित होने वाली बहुजन समाज पार्टी की जनसभा भी स्थगित कर दी गई।

# चोरी की तीन बाइकों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** सिडकुल चौकी पुलिस ने तीन बाइकों के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

रविवार को क्षेत्राधिकारी पंतनगर ओम प्रकाश शर्मा और सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से औद्योगिक आस्थानों के सामने से बाइक चोरी होने की घटनाएं हो रही थीं। इसको गंभीरता से लेते हुए थाना पंतनगर की सिडकुल चौकी की टीम का गठन किया गया। सूचना मिली कि सिडकुल कंपनी के पास संदिग्ध युवक घूम रहे हैं। पुलिस ने जब चेकिंग अभियान शुरू किया, तो बाइक पर सवार युवक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलवेस हुसैन निवासी वार्ड-छह जगतपुरा थाना ट्रांजिट कैंप बताया और जब बाइक की पड़ताल की तो बाइक भी चोरी की पाई गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बाइकों को चुराकर झाड़ियों में छिपा देता है और मौका पाकर उसे ठिकाने लगा देता है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की तीन बाइकों को बरामद किया। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज है।

उदासीनता

### 50 फीसदी से कम अभ्यर्थी रहे उपस्थित, 890 अभ्यर्थियों ने किया था अपना पंजीकरण

# 387 ने दी विधि विज्ञान समूह ग की परीक्षा

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक विधि विज्ञान समूह ग की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का खासा उत्साह देखने को नहीं मिला। तीन परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की उपस्थिति 50 फीसदी से भी कम रही।

रविवार को शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला और आदित्यनाथ झा इंटर कॉलेज में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा सहायक विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए समूह ग की परीक्षा आयोजित की थी। इसमें बायोलॉजी के 186, फिजिक्स के 285, केमिस्ट्री के 171, फॉरेंसिक साइंस के छह, जुलॉजी के 242 यानि 890 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर महज 387 अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे, जबकि 497 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। रविवार को परीक्षा के दौरान तीनों परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले, लेकिन अभ्यर्थियों में उत्साह देखने को नहीं मिला। यही कारण है कि 50 फीसदी से भी कम अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।



समूह ग की परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# पांच लाख की रंगदारी में 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार :** आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में एक अधिवक्ता ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

ग्राम भगवंतपुर निवासी अधिवक्ता रंजीत सिंह ने कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 30 अक्टूबर, 2023 को सुबह करीब 11 बजे वह अपने चैंबर पर बैठा था। तभी उसके मोबाइल पर भगवंतपुर निवासी गुरबाज सिंह व ग्राम मिस्सरवाला निवासी पवनदीप सिंह ने कॉल कर कहा कि हमारे पास तेरी आपत्तिजनक वीडियो है। उन्होंने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। गुरबाज के पिता अमीर सिंह से शिकायत करने पर उन्होंने भी धमकी दी। आरोप लगाया कि गुरबाज सिंह अभी ऑस्ट्रेलिया में रहता है और उसने उसे जान से मरवाने की धमकी दी है। प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आईटीआई थाना पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# 350 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

## विधायक शिव अरोरा व शोधकर्ता डॉ. शिवेंद्र कश्यप ने किया प्रोत्साहित, 62 स्कूलों के विद्यार्थियों को मिला सम्मान


सीबीएसई एवं उत्तराखंड बोर्ड के दसवीं व इंटरमीडिएट के सम्मानित मेधावियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार


मेधावी छात्रा को घर जाकर सम्मानित करतीं आरएएन स्कूल की प्रधानाचार्य।

आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : सीबीएसई एवं उत्तराखंड बोर्ड के दसवीं व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 62 स्कूलों के 350 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा और पंतनगर विवि के शोधकर्ता डॉ. शिवेंद्र कश्यप ने किया। समारोह में सीबीएसई हाईस्कूल की गरिमा जोशी, ऋषभ सिंह और सृष्टि कपूर के अलावा 12वीं की अनुष्का प्रीतम, भूमिका और इशरम कालरा को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल की नेहा शर्मा, करन दास, अमित कुमार के अलावा 12वीं की साक्षी, सुमन जीत कौर को उत्कृष्ट अंक लाने पर सम्मानित किया गया।

इस दौरान शोधकर्ता डॉ. शिवेंद्र ने कहा कि सम्मान समारोह का आयोजन करना एक नयी शुरुआत है। यह समारोह मील का पत्थर साबित होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में जिन छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है, वे दूसरों के लिए प्रेरणादायी हैं। इस मौके पर पवन अग्रवाल, गुरमीत सिंह, सुभाष अरोरा, सतीश अरोरा, डॉ. सीमा अरोरा, राजकुमार चौधरी, जसविंदर सिंह खरबंदा, संतोष पाल, वेद ठुकराल, सोनू अग्रवाल, मानस जय सवाल, योगेश वर्मा, धीरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मेधावियों के घर जाकर आरएएन स्कूल प्रबंधन ने किया प्रोत्साहित

**रुद्रपुर** : सीबीएसई के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की मुहिम चलाते हुए आरएएन स्कूल प्रबंधन ने घर जाकर विद्यार्थियों से मुलाकात की और बुके देकर प्रोत्साहित किया। आरएएन स्कूल के संस्थापक सेवानिवृत्त विंग कमांडर एचके राय और निदेशक मोहित राय के आदेश पर विद्यालय प्रबंधन एक अच्छी पहल करते हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक पाने वाले विद्यार्थियों के घर पहुंचा। जहां प्रबंधन ने मेधावियों को बुके देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक मोहित राय ने बताया कि विद्यालय ने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया है। यही कारण है कि वर्ष 2022 हो या फिर 2023 सीबीएसई परीक्षाफल बेहतर रहा। इस वर्ष भी कई ऐसे विद्यार्थी थे जिनकी बदौलत विद्यालय का नाम रोशन हुआ। इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रबंधन ने घर-घर जाकर मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके।

## एक नजर

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**काशीपुर** : स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर की ओर से आयोजित चार दिनी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। शनिवार को चैती मेला मैदान में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजेंद्र चौधरी ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में सैकड़ों बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरमासा के प्रधानाध्यापक अमित शर्मा, प्रधानाध्यापिका शालिनी शर्मा ने बच्चों को पुरस्कार वितरण का किया। संचालन नवीन सिंह बिष्ट ने किया। वहां पर कविंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुरजीत कुमार मौजूद रहीं।

### शिविर में 150 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**किच्छा** : पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद सिमरनजीत कौर के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। गौतम हॉस्पिटल के नेत्र विभाग की टीम ने शिविर में पहुंचे करीब 150 नेत्र रोगियों की जांच कर गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया। सिमरनजीत कौर ने बताया कि चिन्हित किए गए मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाएगा। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान रणजीत सिंह गिल, सुनीता कश्यप मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


खटीमा में समर कैंप का आनंद उठाते बच्चे। ● अमृत विचार

### सरस्वती एकेडमी में रही समर कैंप की धूम

**खटीमा** : सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने समर कैंप का खूब आनंद उठाया। कैंप का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान म्यूजिकल बाथ, एरोबिक, योगा, क्राफ्ट एक्टिविटी, कुक विथ फन आदि का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन ज्योति पाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रधानाचार्य रामयश ने कहा कि यह बच्चों के मनोभावों को जानने का अवसर है जहां बच्चे बिना किसी परेशानी के आनंद ले सकते हैं।


खटीमा के रघुलिया वनगवां में रखे पाठ में शिरकत करते लोग। ● अमृत विचार

### कुपवाड़ा में शहीद हुए कमलजीत सिंह को याद किया

**खटीमा** : वर्ष 2005 में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा श्रीनगर में शहीद हुए रघुलिया वनगवां निवासी सिख रेजीमेंट के कमलजीत सिंह का 18वां शहीदी दिवस मनाया गया। ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने कमलजीत के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अखंड पाठ और कीर्तन के बाद लंगर की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर हरभजन सिंह, सरवन सिंह, पवनदीप सिंह, मनजिंदर सिंह हांडा, सुखविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, अंशुल चौहान, अंकित चौहान आदि मौजूद थे।



स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान करतीं छात्राएं व परिसर के लोग। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में 50 यूनिट रक्तदान किया

**पंतनगर** : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में रविवार को पंतनगर स्वास्थ्य संजीवनी संस्था की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने भी अपनी रक्त जांच और स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसका उद्देश्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. देवाशीश गुप्ता ने 15, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम बिष्ट ने 15, नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 36, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर सिंह ने 21 और एमडी मेडिसिन डॉ. दीपक कुंवर ने 28 स्वास्थ्य संबंधित मरीजों की जांचें कीं। साथ ही हल्द्वानी के चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से भी लोगों की जांच की गई। इस शिविर में परिसरवासियों और छात्र-छात्राओं ने 50 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही 300 लोगों ने नि:शुल्क रक्त व यूरीन जांच भी कराई।


बाजपुर में बाल्टियां लेकर प्रदर्शन करते चकरपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पेयजल के लिए खाली बाल्टियां लेकर किया प्रदर्शन

**बाजपुर** : पिछले एक सप्ताह से पेयजल उपलब्ध न होने के चलते ग्राम चकरपुर के गुस्साए ग्रामीणों ने भाजपा मंडल महामंत्री केलाखेड़ा आशीष ठाकुर की अगुवाई में खाली बाल्टियां हाथों में लेकर प्रदर्शन किया। आशीष ठाकुर ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से चकरपुर में पेयजल नहीं आ रहा है। ग्रामीणों की समस्या से स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जल संस्थान के उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसमें उन्होंने जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारू करने व तब तक टैंकर के माध्यम से चकरपुर के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सलामत हुसैन, अफसर अली, अंकुर शर्मा, रतन कंबोज, परविंदर कुमार, संजय सागर, विनोद कुमार, नौशाद, हिना, सोनू प्रजापति, चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत


खटीमा में मझोला मार्ग पर राहगीरों को शरबत पिलाते थारू समाज के लोग।


बाजपुर में इंटर कॉलेज गेट के सामने राहगीरों को शरबत पिलाते लोग।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार**: भीषण गर्मी को देखते हुए आवास विकास वार्ड नंबर 11 के शनि भक्तों ने सप्ताह में दूसरी बार छबील लगाकर राहगीरों और मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया। इससे पूर्व मौनी अमावस्या पर भी शनि भक्तों ने छबील लगाई थी। इस अवसर पर मुरारी लाल शर्मा, अंकित पांडे, संदीप देवल, धीरज अग्रवाल, नंदन सिंह बसेड़ा, अजय तिवारी, संदीप शंखधार, राजीव भाटिया, प्रियांशु बंसल आदि मौजूद रहे।

इधर थारू समाज के लोगों ने खटीमा मझोला मार्ग पर सत्रहमील चौकी के पास राहगीरों और पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को शरबत पिलाया और चने का भी वितरण किया। इस अवसर पर राजकुमार राणा, बेबी राणा, नागेश राणा, बलदेव राणा, अमित राणा, विजयपाल राणा, ज्ञान सिंह राणा, पुष्पा राणा, जयंती, उषा राणा, परमेश्वरी राणा, शशि कपूर राणा आदि मौजूद थे।

### बाजपुर में समाजसेवियों ने राहगीरों को शरबत पिलाया

**बाजपुर** : क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच समाजसेवियों ने छबील लगाकर शरबत वितरित किया। रविवार को ब्राह्मण सभा की ओर से मुख्यमार्ग स्थित इंटर कॉलेज के गेट के सामने छबील लगाई गई। इसमें राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस मौके पर वार्ड सभासद मुकुंद शुक्ला, शशिकांत कौशिक, राजेश पाठक, विशेष चंद शर्मा, प्रवीण अरोड़ा, मंदीप खैरा, सौरभ शुक्ला, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# 30 खिलाड़ियों का ट्रायल के लिए चयन


एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर की ओर से चयनित किए गए खिलाड़ियों की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार**: ऊधमसिंह नगर की अंडर 16 बालक वर्ग टीम में 30 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए चयन करते हुए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर ने लिस्ट जारी कर दी है।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि जिले से चयनित खिलाड़ी सीएयू द्वारा 28 मई से 30 मई तक हेरिटेज क्रिकेट अकादमी, हेरिटेज स्कूल नॉर्थ केंपस, सहस्त्र धारा रोड, देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ट्रायल मैच में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 खिलाड़ियों के साथ ही 6 स्टैंड बाय खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

चयनित टीम में अभिमन्यु कांडपाल, प्रिंस गोसाई, मेहुल चौधरी, वंश सक्सेना, अभिनव बघेल, अनहद सिंह संधू, रोहन बिष्ट, युवराज सिंह बोरा, हार्दिक अरोड़ा, नमन रावत, हरमीत सिंह, अंशु राहा, अनुराग राज, कृष्ण पोद्दार, उज्जवल सिंह, मयंक कुमार गौतम, जीवांश यादव, आदर्श यादव, हार्दिक अरोड़ा, संस्कार श्रीवास्तव, गौरव भट्ट, प्रथम कालरा, सचिन सकलानी, विवान बिष्ट, अभय कुमार, विराज सागर, हार्दिक ग्रोवर, इकक्षित सती, आशुतोष सागर, कुणाल ठुकराल को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में अर्णव त्यागी, दीपक साहू, अभिषेक विश्वास, रुद्राक्ष भंडारी, शौर्य, दिव्यांशु बिष्ट को नामित किया गया है।

### कोलंबस के पूर्व छात्र तेजस का आईआईएम में चयन



**रुद्रपुर** : कोलंबस पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र तेजस त्रिपाठी का आईआईएम में चयन होने पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष जताया है। इस दौरान प्रबंधन ने छात्र के घर जाकर परिवार को शुभकामनाएं दीं।संस्थान के एमडी मनोज खेड़ा ने बताया कि विद्यालय के छात्र रहे तेजस त्रिपाठी का देश की सर्वोच्च प्रबंधन संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अहमदाबाद में चयन हुआ है। मेधावी ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली कैट परीक्षा में 99.57 फीसदी अंक पाकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण के दौरान भी मेधावी ने हाईस्कूल-इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए थे। मेधावी ने एमबीए में भविष्य चुनने का निर्णय लिया था।

# उजाला सिग्नस में मरीज के पेट से निकाला 6 किग्रा का ट्यूमर

ब्यूरो, सितारगंज

**अमृत विचार** : नगर के एकमात्र मल्टीस्पेशलिस्ट उजाला सिग्नस एसएच अस्पताल में अब क्रिटिकल मरीजों का भी इलाज संभव है। पहली बार सफलतापूर्वक मरीज के पेट से 6 किग्रा का ट्यूमर निकाला गया। जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. हर्षवर्धन और प्रसूति रोग विभाग की डॉ. ऋषिका ने दो घंटे में सफल ऑपरेशन किया। अब मरीज के स्वास्थ्य में सुधार है।

उजाला सिग्नस एसएच हॉस्पिटल के यूनिट हेड अनिल रावत ने बताया कि बीती 22 मई को सितारगंज निवासी गायत्री राणा (38 वर्षीय) उजाला सिग्नस अस्पताल पहुंचीं। वह काफी दिनों से पेट दर्द की समस्या से परेशान थीं। उसी दिन डॉ. हर्षवर्धन और डॉ. ऋषिका ने मरीज का अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि मरीज के पेट में एक बहुत बड़ा ट्यूमर है जिसका ऑपरेशन करीब 2 घंटे तक चला। ऑपरेशन के बाद गायत्री के पेट से 6 किलो वजन का ट्यूमर निकाला गया। उन्होंने बताया कि अब गायत्री की हालत में सुधार हो रहा है, आगामी 1 जून तक उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी जाएगी। सितारगंज के साथ ही खटीमा, चंपावत, टनकपुर, बनबसा एवं पीलीभीत जिले के लोगों अब बड़े शहरों में इलाज के लिए जाने की जरुरत नहीं है। सितारगंज के उजाला सिग्नस एसएच अस्पताल में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, बाल रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग व आकस्मिक चिकित्सा विभाग की पूरी सुविधा मिलेगी। अस्पताल में क्रिटिकल मरीजों के लिए रक्त की जरूरत होने पर भी बाहर जाना नहीं पड़ेगा।



कोच के साथ प्रसून वर्मा। ● अमृत विचार

### प्रसून ने नौ साल बाद जीती ब्लैक बेल्ट

**काशीपुर** : नानकमत्ता में आयोजित प्रशिक्षण ब्लैक बेल्ट टेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर काशीपुर के प्रसून वर्मा ने ब्लैक बेल्ट जीत कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। नानकमत्ता में उत्तराखंड स्के मार्शल आर्ट एसोसिएशन की ओर से एक दिवसीय राज्य स्तरीय ब्लैक बेल्ट टेस्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें चैती गांव काशीपुर निवासी प्रसून वर्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर ब्लैक बेल्ट हासिल की। एसोसिएशन सचिव मोहम्मद हसन खान ने उन्हें बेल्ट की उपाधि देकर सम्मानित किया। वह करीब नौ सालों से कोच मनीत कुमार से कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच मनीत कुमार ने बताया कि उभरते युवा खिलाड़ी प्रसून वर्मा ने 9 साल के अथक प्रयास के दम पर ब्लैक बेल्ट हासिल की है। जो एक उच्चतम स्तर की पहचान है।

### शांति, प्रेम, आनंद की प्राप्ति परमात्मा से जुड़कर ही मिलेगी

**काशीपुर** : प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रहे 9 दिवसीय निशुल्क अलविदा तनाव शिविर के चौथे दिन आनंद उत्सव सत्र में मुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने मानव जीवन में परमात्मा की आवश्यकता का वर्णन किया। कहा कि हर एक को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा, सर्व संबंधों का प्यार, सात्विक आनंद, सुरक्षा का अनुभव चाहिए। यह सब हमें आत्माओं को परमात्मा से जोड़ने पर ही मिलता है।


अलविदा तनाव शिविर में प्रवचन देती ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी।


जसपुर में बसपा नेताओं का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### वसीम सिद्दीकी बसपा में शामिल

**जसपुर** : बहुजन समाज पार्टी का लकड़ी मंडी में सार्वजनिक स्थल पर आयोजित होने वाला एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन युवक आदिल की दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद सूक्ष्म रूप में आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार वसीम अहमद सिद्दीकी को बसपा में शामिल किया गया। बसपा नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। इस मौके पर बसपा कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के प्रभारी जाफर मलिक व सुरेश आर्य, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह, प्रदेश महासचिव नंद गोपाल गौतम , प्रदेश महासचिव हरीश सिनौली एवं विनोद कुमार गौतम जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार गौतम का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सागर, विधानसभा महासचिव संजय कुमार प्रजापति, लाखन सिंह, डॉ. बीएस गौतम आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम — भारत विकास परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

# नवनियुक्त कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार**: भारत विकास परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई कमेटी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

शनिवार देर रात्रि दिनेशपुर रोड स्थित एक होटल में भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत विकास परिषद शाखा के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू एवं प्रांतीय संयोजक दिव्यांग सहायता विरेन्द्र सुखीजा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज को जोड़ने का काम करती है। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू ने नगर कार्यकारिणी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, उपाध्यक्ष गौरव मदान, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत अरोड़ा, महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर को शपथ दिलाई। इसके उपरांत भारत को जानो, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय समूह गान, बाल संस्कार एवं महिला सहभागिता के संयोजकों जीवन मदान, राकेश भुड्डी, राजीव ग्रोवर, अमित नारंग, रिया छाबड़ा को दायित्व ग्रहण कराया। प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य दीपक सुधा ने परिषद के उद्देश्यों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। नवनियुक्त अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने का काम करेगी। इस मौके पर प्रमोद बजाज, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, गौरव मदान, लवली हुड़िया, अशोक भुड्डी, मनोज डाबर,सरोज बजाज, शीतल छाबड़ा, पंकज बजाज, डॉ. सोनू विश्वास, हरीश बजाज, रेखा बजाज, राकेश चावला, डॉ. प्रमोद गगनेजा, डॉ. अरविंद धवन आदि मौजूद थे।


गदरपुर में भारत विकास परिषद की बैठक का शुभारंभ करते पदाधिकारी।


लोहियाहेड बाईपास नहर पर बोर्ड लगाने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस कर्मी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए भावनात्मक अपील के बोर्ड

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल के कार्यकर्ताओं ने नदी में नहाते समय कई युवाओं के डूब जाने की घटनाओं को लेकर भावनात्मक अपील के बोर्ड लगाए। इस दौरान सिंचाई नहर में नहाने आए युवाओं को पुलिस ने खदेड़ा। इस अवसर पर एसआई प्रदीप शर्मा, लक्ष्मण जोशी, थानाध्यक्ष लक्ष्मण जोशी, भाजपा जिला मंत्री किशोर जोशी, भुवन जोशी, मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, विमला थापा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता ज्याला, महेश राणा, प्रकाश शर्मा, सूरज धामी, मनोज खड़ायत, किशन सिंह मेहरा, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह कन्याल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सौनी में पेयजल संकट, आमरण अनशन की चेतावनी

**रानीखेत :** विकासखंड ताड़ीखेत अंतर्गत सौनी में पेयजल समस्या का निदान न होने से परेशान अंकिता पंत ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। तहसीलदार के माध्यम से संयुक्त मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम-सौनी में जल-जीवन मिशन के तहत जो पेयजल योजना कुछ वर्ष पूर्व बनायी गई थी। उसमें कुछ ही पेयजल कनेक्शनों में 10-15 दिनों में कभी-कभार पानी आता है। लगभग 15-20 परिवार ऐसे भी हैं जिन्हें आज तक पानी नहीं मिल सका है। कहा कि कई बार संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय से पत्राचार करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अंकिता पंत ने पेयजल आपूर्ति को लेकर तीन दिन के भीतर ठोस कार्रवाई न होने पर संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।

### चार बच्चों सहित लापता महिला को पुलिस ने किया बरामद

**अल्मोड़ा :** विकास खंड धौलछीना के गांव में घर वालों से नाराज होकर एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कहीं चला गई। परिजनों द्वारा गुमशुदगी कर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने उनकी खोजबीन शुरू की और उन्हं ढूंढ निकाला। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि 6 मई को एक ग्रामीण द्वारा पुलिस को दी तहरीर में कहा गया था कि उसकी पत्नी अपने चार बच्चों को लेकर कहीं चली गई है। जिसका काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। ग्रामीण की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने टीम गठित कर उनकी तलाश शुरू कर दी। सुरागरसी के दौरान महिला का हल्द्वानी में होना पाया गया। जिसके बाद एक टीम हल्द्वानी पहुंची और महिला और चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने काउंसलिंग कर महिला और बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### किसानों को उन्नत धान की पैदावार की दी जानकारी

**अल्मोड़ा :** कृषि विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा की ओर से चौखुटिया के भगोती में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान सहकारिता के प्रगतिशील शेयर धारकों को पूसा बासमती प्रजाति का धान बीज निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही बीज बोआई, सिंचाई, कीटनाशक दवाओं आदि को लेकर जानकारी दी गई। कृषक गोष्ठी में डा. एसएस सिंह ने रोपाई के बाद खाद, उर्वरकों, खरपतवार नाशक दवाओं के छिडकाव की विधि बताई। प्रगतिशील काश्तकार प्रकाश उपाध्याय ने काश्तकारों को बताया कि वह लगन से बासमती धान की पैदावार करने से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही धान रोपाई की जानकारी दी। यहां डॉ. राजेश सिंह, कृष्णा गोस्वामी, हरीश मैनाली, डा. राम नारायण मौर्या, कुबेर मेहरा, दीपक शर्मा, कमला मेहरा, चंद्र प्रकाश शर्मा, हरीश, आशा शर्मा रहे।

### दिल्ली से चौखुटिया आ रही कार दुर्घटनाग्रस्त, पांच घायल



**अल्मोड़ा :** दिल्ली से चौखुटिया के एक गांव की ओर जा रही एक कार चौखुटिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। रविवार को विकास खंड के कुनीगाड़ गांव निवासी पांच लोग अपनी निजी कार से दिल्ली से गांव आ रहे थे। गांव से पहले चौखुटिया बाजार में पहुंचने पर संगेला लॉज के सामने कार सड़क किनारे पड़े एक बड़े पत्थर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान कार में सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घाल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को कार से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया में भर्ती कराया।

### बिनसर क्षेत्र में बाघ की दिखने से मचा हड़कंप

**अल्मोड़ा :** जिले के बिनसर वन्य जीव विहार से लगे जंगलों में बाघ की सक्रियता से वन विभाग और ग्रामीणों के हाथ पांव फूले हुए हैं। पिछले एक सप्ताह में दो बार बाघ कैमरे में कैद होने के बाद अब वन विभाग के अधिकारियों ने आसपास के गांवों के ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर ग्राम वासियों को एहतियात बरतने की हिदायत दी है। बिनसर वन्य जीव विहार के वन क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र के बबुरियानायल, बेलवाल गांव, कटधारा, भनलगांव, कटौचिया और छानी बग्वालीखान के ग्राम प्रधानों को भेजे पत्र में कहा है कि वन विभाग ने वन्य जीव विहार के जंगलों में बीते 18 मई को पहली बार बाघ की उपस्थिति दर्ज की है। जबकि 22 मई की तड़के फिर जंगल क्षेत्र में बाघ को देखा गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने अपने पत्र में कहा है कि इस क्षेत्र की बाघ की सक्रियता को देखते हुए ग्रामीणों को एहतियात बरतने की जरूरत है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अंधेरे में जंगलों की ओर न जाने, जरूरत पड़ने पर समूह में जाने, बच्चों को अकेले स्कूल न भेजने और मवेशियों को बांधे जाने वाले स्थान के आसपास झाड़ियों की साफ सफाई करने की बात कही है। अधिकारियों ने कहा है कि अगर ग्रामीणों को गांव के आसपास या जंगल में बाघ अथवा तेंदुए के गुर्राने की आवाज सुनाई दे तो तत्काल इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दें। बाघ की सक्रियता के बाद अब जहां वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।



रन फॉर फन के विजेताओं को पुरस्कार देते विधायक तिवारी। ● अमृत विचार

### ओपन रन फॉर फन में जानकी और नितिन अव्वल

**अल्मोड़ा :** नगर के युवाओं में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को ट्राई क्लब की ओर से ओपन रन फॉर फन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में नितिन मेहरा और महिला वर्ग में जानकी ने बाजी मारी। मालरोड स्थित जीबी पंत पार्क से शुरू हुई दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, सुशील शाह, दर्शन रावत और बीएस मनकोटी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ जीबी पंत पार्क से करबला होते हुए वापस जीबी पंत पार्क तक हुई। दौड़ के ओपन पुरुष वर्ग में नितिन मेहरा और महिला वर्ग में जानकी ने बाजी मारी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को ट्राई क्लब की ओर से प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्राई क्लब के संस्थापक संजय रावत, दीपक दानी, विपुल कार्की, निर्मल रावत, गीता मेहरा, परितोष जोशी, ललित सतवाल, संजीव आदि मौजूद रहे।

# दो लाख रुपये तक की सामग्री खुद खरीद सकेंगे चम्पावत के अस्पताल

## जिला चिकित्सालय प्रबंधन समिति की बैठक में पास किए गए विभिन्न प्रस्ताव

संवाददाता, टनकपुर



चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित जिला चिकित्सालय चम्पावत, उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट व टनकपुर की चिकित्सालय प्रबंधन समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास किए गए।

बैठक में चिकित्सालयों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन, आवश्यक चिकित्सा उपकरण, विशेष सफाई व्यवस्था, चिकित्सालयों में बिजली, पेयजल समेत विभिन्न सुविधाएं विकसित करने, अतिरिक्त कक्ष बनाने, आउटसोर्स से विभिन्न पदों पर तैनाती कराने सहित तीनों चिकित्सालय में 2 लाख तक की सामग्री की खरीद के लिए चिकित्सालय स्तर पर ही क्रय समिति का गठन करने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिति द्वारा विभिन्न निर्णय लिए गए। टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को 24 घंटे स्वास्थ्य उपचार के लिए एक व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 9410749144 भी जारी किया गया। जो 24 घंटे ऑनलाइन रहेगा। बैठक में तीनों चिकित्सालयों के वार्षिक आय- व्यय पर चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए चिकित्सालय की विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं आदि पर होने वाले व्यय खर्चों पर चर्चा करते हुए विभिन्न मदों में व्यय का निर्धारण किया गया। चिकित्सालय में उरेडा विभाग के माध्यम से सोलर लाइट, सोलर सिस्टम भी स्थापित कराने, 24 घंटे चिकित्सालय संचालन को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने खा निर्णय लिया गया।

साथ ही समिति को 2 लाख तक की सामग्री क्रय करने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त बैठक में उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में यूजर चार्ज को मानक के अनुरूप लिए जाने तथा अतिरिक्त चिकित्सा भवन का निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने, उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में 108 में तैनात रात्रि कालीन कार्मिकों के चिकित्सालय में ठहने की उचित व्यवस्था करने का प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय से लगी भूमि जिसमें पूर्व में तहसील भवन का निर्माण होना था, का भूगर्भीय परीक्षण कराकर उचित पाए जाने पर चिकित्सा विभाग के कार्मिकों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी सीमा बंगवाल, एसटीओ गणेश चौथिया आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने अवैध रेता ढो रहे डंपर को किया सीज

**अल्मोड़ा :** विकासखंड धौलछीना में पुलिस ने अवैध रूप से रेते का परिवहन कर रहे एक डंपर को सीज किया है। धौलछीना के थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि अपर उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम सेराघाट के पास चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान डंपर वाहन संख्या यूके-04-सीसी-8709 को रोककर चेक किया गया तो डंपर में अवैध रूप से खनन किए रेता से भरा था। वाहन चालक मुकेश सिंह निवासी बेरीनाग से जब खनन सामग्री के दस्तावेज मांगे गए तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। जिस पर तस्करी के प्रयुक्त डंपर को सीज कर रिपोर्ट उपजिलाधिकारी अल्मोड़ा को भेजी गई है।

# यात्रा से प्रगाढ़ होंगे नेपाल संग रिश्ते

संवाददाता, टनकपुर



नेपाल में मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी हुए सम्मानित।

**अमृत विचार :** नेपाल-भारत न केवल घनिष्ठ पड़ोसी हैं, बल्कि दोनों देशों में गहरे आध्यात्मिक व सांस्कृतिक संबंध भी हैं।

नेपाल के ढढेल्लधुरा आंचल (जिला) में हुए दो दिनी परशुराम साहित्य महोत्सव के समापन पर पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने कहा कि इन रिश्तों को आस्था के धाम पूर्णागिरि और ढढेल्लधुरा के परशुराम धाम की यात्रा से और मजबूत किया जा सकता है। परशुराम नगर पालिका प्रमुख भरत बडैर जोशी ने कहा कि साहित्य, संगीत, संस्कृति, भाषा और सभ्यता के संरक्षण के साथ ही हिंदुओं के पवित्र धार्मिक स्थल परशुराम धाम के प्रचार-प्रसार के लिए साहित्य महोत्सव का आयोजन कराया गया। डॉ. स्वामी केशवानंद, तीर्थराज अवस्थी, कैलाश कुमार पांडेय ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम नेपाल के हिंदुओं की आस्था की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। परशुराम धाम और पूर्णागिरि धाम से सांस्कृतिक आदान प्रदान के साथ ही दोनों देशों का पर्यटन भी बढ़ेगा। कार्यक्रम में पूर्णागिरि के पंडित मोहन पांडेय, पंडित नवीन तिवारी, पंडित लालमणि पांडेय, पंडित जगदीश तिवारी, कांग्रेस के सभापति भीम बहादुर, वरुण पनेरु आदि मौजूद रहे।

# विकसित होंगे पीएमश्री विद्यालय

▸▸ सीखने सिखाने की प्रक्रिया पर जोर देने की वकालत

संवाददाता, अल्मोड़ा



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते अतिथि।

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया से संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हो गया है।

कार्यशाला के अंतिम दिन मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबादत्त बलौदी ने कहा कि पूरे देश में पीएमश्री विद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारे विद्यालयों को केंद्रीय विद्यालय तथा जवाहर नवोदय विद्यालयों के समकक्ष लाने के लिए मानवीय व भौतिक संसाधनों से परिपूर्ण किया जाएगा। डायट प्राचार्य जीजी गोस्वामी तथा मुख्य संदर्भदाता खंड शिक्षा अधिकारी भिकियासैंण डॉ. रवि मेहता ने भी विचार रखे। इस मौके पर डाइट के गोपाल सिंह गैड़ा, बीईओ प्रेमा बिष्ट, वंदना रौतेला, डॉ. दीपा जलाल रहे।

# हादसा होने पर कौन होगा जिम्मेदार

संवाददाता, बागेश्वर

▸▸ शहर के कई होटल-मॉल के पास अग्निशमन का प्रमाण-पत्र नहीं

**अमृत विचार :** जिले में पर्यटन उद्योग के नाम पर कई होटल तो व्यवसाय के लिए कई नामी कंपनियों के मॉल खुल रहे हैं।

जहां हर वक्त लोगों की भीड़ लगी रहती है। लेकिन इनमें से अधिकांश प्रतिष्ठानों में आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं। आग लगने पर लोगों के जान माल की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। हाल यह है कि इनमें से अधिकांश के पास अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं है। नगर में खुले होटल-मॉल ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑफर भी चला रहे हैं। इससे इन मॉल में ग्राहकों की भीड़ तो बढ़ रही है लेकिन यहां सुरक्षा के पर्याप्त उपाय तक नहीं हैं। इन प्रतिष्ठानों में फायर उपकरण लगे तो हैं परंतु अग्निशमन विभाग द्वारा इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र न देने से साफ है कि आग से बचाव के पर्याप्त और पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

> विभाग से कई मॉल और होटलों ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं लिया है। बिना एनओसी के किसी भी व्यवसायिक केंद्र का संचालन हेतु अनुमति नहीं दी जा सकती है। इस संबंध में विभागीय कार्रवाई की जा रही है।
>
> **- गोपाल सिंह रावत,** अग्निशमन अधिकारी बागेश्वर

साफ है कि ये प्रतिष्ठान व्यवसाय संचालक के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में सवाल पैदा होता है कि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में ये प्रतिष्ठान व्यवसाय कैसे कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### अल्मोड़ा में 236 ने दी समूह ग की परीक्षा

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित प्रयोगशाला सहायक और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। परीक्षा को लेकर नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में कुल पंजीकृत 467 में 236 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि 231 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। रविवार को परीक्षा सुबह पहली पाली में दस से बारह बजे तक आयोजित कराई गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर के अटल उत्कृष्ट राईका अल्मोड़ा और एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों की परीक्षा से पूर्व चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि नगर में कुल दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में 236 ने परीक्षा दी। जबकि 231 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### पूर्णागिरि दर्शन कर लौट रही महिला श्रद्धालु घायल

**टनकपुर :** पूर्णागिरि धाम आई उत्तर प्रदेश की एक महिला गिरने से घायल हो गई। महिला को टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि परिवार संग आई महिला श्रद्धालु मां पूर्णागिरि देवी के दर्शनों के बाद वापस भैरव मंदिर आ रही थी। इसी बीच काली मंदिर से करीब एक किलोमीटर दूर टुन्नास की ढलान पर गिर जाने से उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के परियाली गांव निवासी मीरा देवी (45) पत्नी राधे श्याम जख्मी हो गईं। पुलिस उप निरीक्षक दीपक जोशी, कांस्टेबल सागर चंद, राजेंद्रनाथ और नरेंद्र रावत ने टुन्नास से महिला को स्ट्रैचर से भैरव मंदिर पहुंचवाया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद एंबुलेंस से महिला को टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला का उपचार चल रहा है।

### अप्रैल महीने का वेतन न मिलने शिक्षकों में आक्रोश

**अल्मोड़ा :** धौलादेवी विकास खंड के समग्र शिक्षा के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अप्रैल माह से वेतन नहीं मिल पाया है। संगठन ने इसे विकासखंड कार्यालय की लापरवाही बताते हुए सीईओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उत्तराखंड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बलौदी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन के सदस्यों ने कहा कि विकासखंड धौलादेवी में समग्र शिक्षा के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की जीपीएफ पासबुक अपलोड नहीं होने से माह अप्रैल 2024 का वेतन आहरित नहीं हुआ है। जिससे शिक्षकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि पूर्व में सीईओ व उप शिक्षा अधिकारी धौलादेवी से आग्रह करने के बाद भी अभी तक वेतन आहरित किए जाने के लिए जीपीएफ पासबुकों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। संगठन ने कहा है कि अगर शीघ्र वेतन आहरित नहीं किया गया तो संगठन मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इधर मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबादत्त बलौदी ने कहा कि जीपीएफ पासबुक अपलोड को लेकर इन दिनों तेजी से कार्य चल रहा है। अगले एक दो दिन में कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद शिक्षकों का वेतन का भुगतान किया जाएगा।

### जिला पंचायत के कर निरीक्षक तुलसी भट्ट को मातृशोक



लीलावती भट्ट।

**चम्पावत :** चम्पावत जिला पंचायत के कर निरीक्षक तुलसी भट्ट की मां लीलावती भट्ट (84) का निधन हो गया। शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय श्मशान घाट में किया गया। उनके निधन पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीविजय उप्रेती, इंजीनियर नंदन उप्रेती समेत अनेक लोगों ने शोक जताया है।

## वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।


**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।




### वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

### सुडोकू -160 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.53 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10.13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष** — आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढने में सफल होंगे।

**मिथुन** — आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह** — आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या** — आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला** — आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** — आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन** — आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
15 अगस्त — सुबह : 09.52
मेला — रात : 07.00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
हीरोपंती 2 — शाम : 04.56

**SONY PIX**
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10.45
द मैकेनिक — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10.35
पहेली — रात : 07.45

**colors CINEPLEX**
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.34
रुध्रन — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.56 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरनेहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। -फेसबुक वॉल से

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47 .40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45 .83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3 .63 प्रतिशत |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38 .18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23 .38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17 .40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15 .04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1 .43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| जाति | अनुमानित |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल



### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

### बलिया सीट पर मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 19,12,864 |
| पुरुष मतदाता | 10,26,474 |
| महिला मतदाता | 8,86,316 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 74 |

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क

**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।



### बलिया, चंदौली और राबट्र्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47 .07 और सपा-बसपा को 45 .79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47 .40 और सपा-बसपा को 45 .43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबट्र्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45 .32 और सपा-बसपा को 39 .82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40 .40% | 51 .20% |
| घोसी | 39 .56% | 50 .30% |
| बलिया | 47 .40% | 45 .83% |
| चंदौली | 47 .07% | 45 .80% |
| राबट्र्सगंज | 45 .32% | 39 .82% |
| सलेमपुर | 50 .72% | 38 .52% |
| महराजगंज | 59 .2 .% | 31 .45% |
| गोरखपुर | 60 .54% | 35 .07% |
| कुशीनगर | 56 .69% | 24 .64% |
| देवरिया | 57 .19% | 32 .57% |
| बासगांव | 56 .14% | 40 .57% |
| मिर्जापुर | 53 .34% | 32 .42% |
| वाराणसी | 63 .62% | 18 .40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



मैच जीतेंगे

जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात ?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।



### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिंन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

### केरल: रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।



नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान एक आदमी कबूतरों और कौवों को खाना और पानी पिलाता हुआ। • एजेंसी

## एक नजर

### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी


• राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

• आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा



देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

• महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

# कारोबार/कृषि

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 75 मसूरी 52 अंगूरी 70 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 120 साबुत चना दाल 87 मूंग साबुत 90 राजमा 160 दाल उड़द 123 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल 75 उड़द साबुत 120 काबुली चना 65 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 77-81 सोयाबीन 40 मूंगफली 75 मटर (सूखी) 61 मक्का 23 रुपये।

## एक नजर

### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है।

### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10:30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई थी।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

• प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा

• कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सकें। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

• पूर्व वित्त सचिव बोले-सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण



पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।


व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

### नियुक्ति में विफल रहने पर आईओसी, गेल व ओएनजीसी पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. आदि पर जुर्माना लगाया है।

# फाइनल में लड़खड़ाई हैदराबाद

## केकेआर ने रचा इतिहास, खिताबी मुकाबले में सबसे कम 113 रन पर सनराइजर्स को किया ढेर




चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रनों के स्कोर पर समेट दिया है। बता दें कि आईपीएल के इतिहास में किसी भी फाइनल मुकाबले में यह सबसे कम स्कोर है। इससे पहले साल 2013 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने 9 विकेट गंवाकर 125 रन का स्कोर खड़ा किया था।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (2) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। अगले ही ओवर में वैभव अरोड़ा ने ट्रैविस हेड (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में राहुल त्रिपाठी (9) भी मिचेल का शिकार बन गये। एडन मारक्रम और नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

कोलकाता के गेंदबाजों के आगे हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते गये। सातवें ओवर में हर्षित राणा ने नितीश कुमार रेड्डी (13) को आउट कर दिया। उसके बाद 11वें ओवर में हर्षित ने एडन मारक्रम (16) को बोल्ड आउट किया। शाहबाज अहमद (8), अब्दुल समद (4), जयदेव उनादकट (4) रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान पैट कमिंस 18 गेंदों में सर्वाधिक 24 रनों की पारी खेली। हैदराबाद की टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से आंद्र रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**2013** में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने बनाया था 125 रन का स्कोर

**हैदराबाद 113/10** — 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नरेन | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, सुनील नरेन 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1



फाइनल मुकाबले में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को शून्य पर आउट करने के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी।




चेन्नई के मैदान में आईपीएल फाइनल में अपनी-अपनी टीम का उत्साहवर्धन करने पहुंचे लोग

## दमखम और कौशल पर काम कर रही हैं मुक्केबाज नीतू

**नई दिल्ली।** झटकों से विचलित हुए बिना भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास अपने दमखम और कौशल पर मेहनत करते हुए इस साल विश्व चैंपियनशिप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं।

नीतू ने 48 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन यह श्रेणी ओलंपिक में शामिल नहीं है। उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने 50 किलो वर्ग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिससे नीतू को 54 किलो में जाना पड़ा। वह हालांकि नए वर्ग में एशियाई खेलों (पहले ओलंपिक क्वालीफायर) की टीम में जगह नहीं बना सकी चूंकि प्रीति पंवार का स्कोर बेहतर था। प्रीति ने एशियाई खेलों से ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। नीतू ने भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया चैंपियंस में कहा, मैं कदम दर कदम रणनीति बनाऊंगी और 54 किलो वर्ग में मजबूत होने की कोशिश करूंगी।

## खिलाड़ियों को जल्दी वापस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की

चेन्नई, एजेंसी

पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 शृंखला खेलने के लिए अपने क्रिकेटरों को आईपीएल से वापिस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की क्योंकि उन्हें प्लेआफ में दबाव के हालात में खेलने का अनुभव नहीं मिल सका जो टी20 विश्व कप में काम आता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) और विल जैक्स (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू) को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 शृंखला के लिए वापिस बुला लिया था जिसकी सुनील गावस्कर समेत भारत के पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी।

वॉन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पहले है लेकिन आईपीएल में दबाव उससे कम नहीं। इन खिलाड़ियों को प्रशंसकों, मालिकों और सोशल



मीडिया के जिस दबाव का सामना करना होता है, वह बहुत बड़ा है। इंग्लैंड ने खिलाड़ियों को वापिस बुलाकर उस दबाव के अनुभव से वंचित कर दिया। आईपीएल प्लेआफ के दबाव, दर्शकों के दबाव से तैयारियां पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलने से कहीं बेहतर होती। खास तौर पर साल्ट और जैक्स को तो बहुत कुछ सीखने को मिलता और उनकी तैयारी मजबूत होती। मैं पाकिस्तान या इंग्लैंड टीम का अपमान नहीं कर रहा लेकिन आईपीएल में दबाव बहुत होता है और इसका स्तर उस द्विपक्षीय शृंखला से बेहतर है।

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में कुछ महसूस होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद मैने ओस्ट्रावा में नहीं खेलने का फैसला किया क्योंकि मुझे एडक्टर मांसपेशी में कुछ महसूस हुआ। पहले भी मुझे



इसमें दिक्कत रही है और इस समय मैं जोखिम नहीं लेना चाहता। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं लेकिन मैं ओलंपिक वर्ष में कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। यही वजह है कि मैने यह फैसला लिया। पूरी तरह उबरने के बाद मैं फिर स्पर्धाओं में भाग लूंगा। चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे। चोपड़ा के स्पष्टीकरण से चंद घंटे पहले आयोजकों ने कहा था कि वह चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। आयोजकों ने एक बयान में कहा था चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आएंगे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में रजत पदक जीता और भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। चोपड़ा को मूल रूप से गोल्डन स्पाइक में भाग नहीं लेना था लेकिन दोहा डायमंड लीग के दौरान उन्होंने कहा था कि वह इसमें खेलेंगे। चोपड़ा की जगह अब यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर इसमें भाग लेंगे।

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

## प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया



है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

## बॉलीवुड हलचल

### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।



### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

पुणे कार हादसा

## निंदा के लिए दुर्घटनास्थल पर 100 लोगों ने लिखा निबंध

पुणे, एजेंसी

- निबंध प्रतियोगिता का विषय था मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव



पुणे में कांग्रेस की युवा शाखा ने विरोध प्रकट करने और हादसे की निंदा के लिए रविवार को उस स्थान पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जहां 19 मई को पोर्श कार दुर्घटना में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

निबंध प्रतियोगिता में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकतर युवा थे। उन्हें मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव जैसे विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने भी भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। यह प्रतियोगिता कल्याणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर आयोजित की गई। इस कार को कथित तौर पर एक नाबालिग चला रहा था। पुलिस का दावा है कि जब यह हादसा हुआ उस समय किशोर शराब के नशे में था। किशोर को शुरू में किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे सड़क दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखने के लिए भी कहा था।

## पाक में आतंकवादियों ने बस जलायी, यात्रियों को किया प्रताड़ित

**पेशावर** । पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और उसके यात्रियों को प्रताड़ित किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दराबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया और यात्रियों को जबरन उतार दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा घटना के दौरान टीटीपी आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को जला दिया। उन्होंने सबसे पहले यात्रियों को प्रताड़ित किया और बाद में सरकार का समर्थन करने की वजह से उन्हें धमकी दी। बाद में भागने से पहले आतंकियों ने बस को जला दिया। हालात पर काबू पाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

## सस्ते में मिले कार पॉलिसी तो सावधान इंश्योरेंस लेने से पहले चेक करें ये चीजें



एक मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए कार खरीदना एक बड़ी उपलब्धि है। जब भी हम कोई कार खरीदते हैं तो अगला कदम उसका इंश्योरेंस करवाना होता है। इंश्योरेंस आपको कार के क्षतिग्रस्त होने, चोरी होने, एक्सीडेंट होने या किसी अन्य तरह के नुकसान पर आर्थिक सुरक्षा देता है। इंश्योरेंस सेक्टर इन दिनों बूम पर है। इसमें कई छोटी और मंझोली कंपनियों ने भी इंवेस्ट किया है। इस भीड़ का फायदा उठाकर कुछ सेल (खरीदने-बेचने वाली) कंपनियां भी इस सेक्टर में घुस गई हैं। यही वजह है कि इंश्योरेंस स्कैम का खतरा भी काफी बढ़ गया है। कार इंश्योरेंस स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर साल सैकड़ों की संख्या में लोग इस स्कैम का शिकार हो रहे हैं। लोग सस्ता इंश्योरेंस लेने के चक्कर में इन स्कैमर्स के जाल में फंस जाते हैं। जब उस इंश्योरेंस के जरिए गाड़ी ठीक कराने की बारी आती है, तब पता चलता है कि उनके साथ फ्रॉड हो गया है। लोग कार खरीदते समय मॉडल से लेकर कलर तक खूब जांच-पड़ताल करते हैं, लेकिन कार इंश्योरेंस पर इतना ध्यान नहीं देते क्योंकि ज्यादातर लोगों लगता है कि वाहन का इंश्योरेंस एक अनावश्यक खर्च है।

### इस तरह चैक करें इंश्योरेंस असली है या नकली

ज्यादातर कार इंश्योरेंस स्कैम ऑनलाइन किए जाते हैं, जिसमें लोगों को हैवी डिस्काउंट का लालच दिया जाता है। लोगों को लगता है कि शॉपिंग वेबसाइट्स की तरह यहां भी कोई डिस्काउंट सेल चल रही है। ध्यान रहे कि सही इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन ऑफर वाली प्रीमियम प्राइसिंग में कोई अंतर नहीं आता है। ऑनलाइन बस आप यह आसानी से देख सकते हैं कि आपको यह पर्टिकुलर सर्विस चाहिए या नहीं। इसलिए प्राइसिंग में अंतर होने पर सतर्क हो जाएं।

### इस तरह बचें स्कैम से, बरतें यह सावधानियां

बीमा कंपनी और एजेंट के बारे में रिसर्च जरूर करें। इंश्योरेंस से जुड़ी सभी शर्तों को बहुत ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़ी जानकारी को कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जरूर चेक करें। बीमा कंपनी द्वारा दी जा रही कार पॉलिसी का नंबर जरूर चेक करें। जिस कंपनी से आप बीमा करा रहे हैं, उस नाम की कोई कंपनी है या नहीं, यह जानने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन चेक जरूर करें। हर बीमा कंपनी को एक यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाता है। यह नंबर इंश्योरेंस पॉलिसी में भी रहता है। अगर आपकी इंश्योरेंस पॉलिसी में यूआईडी नंबर नहीं है तो पॉलिसी नकली है।

### कार इंश्योरेंस स्कैम क्या है

कार इंश्योरेंस स्कैम फर्जी बीमा कंपनियों, धोखाधड़ी करने वाले एजेंट या बिचौलियों के द्वारा किया जाता है। स्कैमर मार्केट रेट से काफी कम रूपये में कार का इंश्योरेंस करने का लालच देते हैं। इसलिए लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं और इंश्योरेंस करवा लेते हैं। इस स्कैम को इतनी सफाई से अंजाम दिया जाता है कि धोखाधड़ी का शिकार लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगती। वे लगातार अपने इंश्योरेंस की सालाना किस्त भरते रहते हैं। धोखे का पता तब चलता है, जब कभी गाड़ी चोरी हो जाए या एक्सीडेंट हो जाए और मुआवजा लेने की नौबत आए।

### कार इंश्योरेंस के प्रकार

कार इंश्योरेंस मुख्य रूप से तीन तरह के होते हैं। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस– मोटर व्हीकल एक्ट ऑफ इंडिया, 1988 के मुताबिक सभी वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है। यानी अगर आपकी कार से किसी को कोई चोट या नुकसान पहुंचता है तो इंश्योरेंस कंपनी उसके लिए मुआवजे का भुगतान करेगी। ऑन डैमेज इंश्योरेंस– इसमें सड़क दुर्घटना होने पर वाहन को होने वाले नुकसान को कवर किया जाता है। यह इंश्योरेंस शारीरिक चोट या मृत्यु के लिए भी कवरेज देता है। कॉम्प्रेहेंसिव इंश्योरेंस– इस पॉलिसी में हादसा होने, वाहन चोरी होने और प्राकृतिक आपदा होने पर भी क्लेम मिलता है।

## एक नजर

### वानुआतू में भूकंप के तेज झटके, कोई हताहत नहीं

**मेलबर्न।** दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 9 :23 बजे महसूस किए गए और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6 .3 थी। भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई पर था।

### फिलीपींस में संदिग्ध आतंकी को मार गिराया

**मनीला।** फिलीपींस की सेना ने दक्षिणी फिलीपींस के मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत में मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने कहा कि कथित बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स आतंकवादी को ग्रामीणों की ओर से इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली। सूचना के बाद दातु सालिबो शहर के गांव में पांच मिनट की मुठभेड़ के बाद शनिवार सुबह मार दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैनिकों ने मुठभेड़ वाली जगह से 45 कैलिबर की पिस्तौल और विस्फोटक जब्त किए।

### ब्रिटेन में विमान दुर्घटना आरएएफ पायलट की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के लिंकनशायर में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आरएएफ के एक पायलट की मौत हो गयी। आरएएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12 .20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में भाग ले रहा था।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में पुलिस कांस्टेबल बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। पिछले साल उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अनधिकृत रूप से लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थिति रहने और मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में यहां के एसएसपी ने कांस्टेबल तारिक हुसैन शाह को बर्खास्त किया है।

### पूर्वी चीन में मकान ढहने से दो की मौत, एक घायल

बीजिंग। पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में एक घर के आंशिक रूप से ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनचेंग काउंटी सरकार के सूचना कार्यालय के अनुसार दुर्घटना शनिवार को शाम करीब 7 :20 बजे हुई और इस हादसे में तीन लोग मलबे में दब गए। बचावकर्मी लगभग 20 मिनट बाद उनमें से एक को बाहर निकालने में कामयाब रहे, जिसे जल्द ही अस्पताल ले जाया गया।

### सूडान में संघर्ष में 100 से अधिक लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के पश्चिम में स्थित दारफुर क्षेत्र में सेना और एक विद्रोही अर्धसैनिक बल के बीच पिछले दो सप्ताह से जारी संघर्ष में कम से कम 123 लोग मारे गए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सहायता समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने कहा कि अल–फसर शहर में हुए इस संघर्ष के दौरान 930 से अधिक लोग घायल हुए हैं। समूह ने कहा कि यह संख्या संघर्ष की भयावहता को दर्शाती है।

## इजराइल में नेतन्याहू का विरोध

### प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की वापसी की मांग

यरूशलम, एजेंसी



तेल अवीव में प्रदर्शन करते लोग।

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों को वापस लाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों और इजराइली पुलिस के बीच झड़प हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइलियों को छुड़ाने की मांग कर रहे थे। हमास ने इजराइल पर पिछले साल सात अक्टूबर को हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की थी और 250 को बंधक बना लिया था।

प्रदर्शनकारियों ने अब भी बंधक बनाकर रखे गए दर्जनों लोगों को वापस लाने के लिए सरकार से कोई समझौता करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे और चुनाव कराए जाने की भी मांग की। सभी बंधकों की वापसी के लिए महिला विरोध प्रदर्शन समूह की सदस्य हिलिट सागी ने कहा सरकार द्वारा बंधकों को अपने हाल पर छोड़ दिए जाने के बाद हम चुप नहीं बैठ सकते। इजराइल के हमले के कारण गाजा मानवीय संकट से जूझ रहा है और वहां सहायता सामग्री पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। इजराइल ने कहा कि सहायता सामग्री उत्तरी गाजा और अमेरिका द्वारा निर्मित पोतघाट के माध्यम से फलस्तीनी क्षेत्र में पहुंचाई जा रही है।

### सैन्य नौका समुद्र में बही

इस बीच एक छोटी अमेरिकी सैन्य नौका और संभवत: डॉक क्षेत्र की एक पट्टी दक्षिणी इजराइली शहर अशदोद के पास एक समुद्र तट पर बह गई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि मानवीय सहायता मिशन में शामिल उसके चार पोत अशांत समुद्र के कारण प्रभावित हुए थे, जिनमें से दो गाजा तट पर घाट के पास और दो अन्य इजराइल में थे। सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और अमेरिका पोतों को बरामद करने के लिए इजराइली सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### गाजा से हमास ने फिर दागे रॉकेट, तेल अवीव में बजे सायरन

**गाजा पट्टी।** हमास ने पिछले कुछ महीनों में पहली बार रविवार को गाजा से रॉकेट दागे जिसके बाद इजराइल के तेल अवीव में हमले के सायरन बज उठे। जनवरी के बाद गाजा से किए गए पहले लंबी दूरी के रॉकेट हमले में किसी के हताहत होने या क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है। फिलिस्तीनी चरमपंथियों ने तब से गाजा सीमा के पास समुदायों को निशाना बनाकर छिटपुट तरीके से रॉकेट और मोर्टार दागना जारी रखा है। हमले का दावा हमास की सैन्य शाखा ने किया। इजराइली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के क्षेत्र से दागे गए आठ रॉकेट इजराइल में गिरे। उसने कहा गया कि कई रॉकेट को बीच में ही रोक दिया गया। इससे पहले रविवार को राहत सहायता के साथ ट्रकों ने दक्षिणी इजराइल से गाजा में प्रवेश किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मानवीय सहायता समूह इलाके में जारी लड़ाई के कारण सहायता पहुंचा सकेंगे। मिस्र ने रफह क्रॉसिंग के अपनी ओर के हिस्से को फिर से खोलने से इनकार कर दिया है, जब तक कि गाजा की ओर के हिस्से का नियंत्रण फिलिस्तीनियों को वापस नहीं सौंप दिया जाता। हमास ने उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान एक इजराइली सैनिक को पकड़ने का दावा किया और शनिवार देर रात एक वीडियो जारी किया जिसमें एक घायल व्यक्ति को सुरंग के माध्यम से घसीटते हुए दिखाया गया है।

## 1.75 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 33 वर्षीय व्यक्ति से एक जालसाज ने कथित तौर पर 1.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत के आधार पर शनिवार को संबंधित प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीड़ित को 21 मई को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने उसे सूचित किया कि जो पार्सल उसने ईरान भेजा था उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त कर लिया है क्योंकि इसमें लैपटॉप, पेन ड्राइव, कपड़े और चार ईरानी पासपोर्ट के अलावा मादक पदार्थ भी था। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि फोन करने वाले ने उस व्यक्ति को यह भी बताया कि इसके लिए 96,000 रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और पार्सल कुरियर कंपनी को वापस कर दिया गया है।

जब उस व्यक्ति ने कॉल करने वाले को बताया कि उसने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजा है तो उसने उसे मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क करने और अपनी आईडी के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। फोन करने वाले ने उस व्यक्ति से यह भी कहा कि अगर वह उनके पास आने में देर करेगा तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

## रूस का खार्किव पर हवाई हमला, 14 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर आक्रमण तेज कर सकता है रूस: जेलेंस्की
- खार्किव में हुए हमले में 43 लोग घायल, 16 लापता



रूसी सेना के खार्किव में एक बड़े निर्माण आपूर्ति स्टोर पर हवाई हमला किया। हमले में 14 लोगों की मौत हो गई। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि शनिवार दोपहर को खार्किव हमले में 43 लोग घायल भी हुए और 16 लापता हैं। जेलेंस्की ने खार्किव से एक वीडियो जारी कर कहा कि यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर रूस अपना आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है। रूस हमारी सीमा के पास सैनिकों का एक और समूह इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि सैनिकों को कहां इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यूक्रेन के अधिकारियों ने सुमी क्षेत्र के बारे में कड़ी चिंता व्यक्त की है।

खार्किव शहर और लगभग 250,000 आबादी वाला सुमी, दोनों रूसी सीमा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। मॉस्को की सेना ने हाल के सप्ताहों में एक व्यापक अभियान के तहत खार्किव क्षेत्र के गांवों पर कब्जा कर लिया है। 10 मई को आक्रमण शुरू होने के बाद से क्षेत्र से 11,000 से अधिक लोगों को निकाला है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूसी सेनाएं अग्रिम मोर्चे पर आक्रामक हमले कर रही हैं, जिसमें दोनेत्स्क क्षेत्र की चासिव यार दिशा में भीषण लड़ाई हो रही है।

### 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे

यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा इकाइयों ने मायकोलाइव, ओडेसा, निप्रॉपेट्रोस, पोल्टावा, जापोरिजिया, खमेलनित्सकी, किरोवोह्रद, विनित्सिया और चेर्निहाइव क्षेत्रों में रूस द्वारा दागे गए 31 ड्रोन और 12 क्रूज मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेन की वायुसेना के एक बयान के अनुसार, कुल मिलाकर रूस ने 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे। यह स्पष्ट नहीं है कि जो मिसाइल और ड्रोन मार गिराये गए, उनसे कितना नुकसान हुआ होगा।

## अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 15 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।

असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है। शनिवार रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक मोहम्मद अकरम अकबरी ने कहा कि प्रांत की राजधानी फैजाबाद में बाढ़ की चपेट में आकर एक दंपति और उनके आठ बच्चों की मौत हो गई।

बगलान प्रांत में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि बाढ़ के कारण दोशी जिले में कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मारे गए हैं। हालांकि, उन्होंने मृतकों की संख्या के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। हालांकि, एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रांत में बचाव दलों को अब तक पांच शव मिले हैं।

### बाइक रैली



रूस के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय की प्रसिद्ध इमारत के पास पारंपरिक स्प्रिंग्स मोटरसाइकिल उत्सव पर मोटरसाइकिल रैली में भाग लेते युवा।

## युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पहली बड़ी चुनावी घोषणा की



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पहली बड़ी चुनावी घोषणा करते हुए कहा कि यदि कंजर्वेटिव पार्टी 4 जुलाई के चुनाव में जीत दर्ज करती है तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा का एक साहसिक नया रूप पेश करेंगे।

भारतीय मूल के नेता सुनक ने कहा कि उनकी योजना में 18 साल के युवाओं को 12 महीने के लिए पूर्णकालिक सैन्य नियुक्ति का विकल्प दिया जाएगा या एक साल के लिए महीने में एक सप्ताहांत के वास्ते स्वैच्छिक सेवा की योजना दी जाएगी। सैन्य नियुक्ति चयनात्मक होगी, जिसमें पात्रता तय करने के लिए परीक्षा ली जाएगी और इसमें सशस्त्र बल या साइबर रक्षा में काम करना शामिल होगा।

सुनक ने अपनी पार्टी की यह घोषणा करने के लिए एक प्रचार वीडियो में कहा ब्रिटेन में हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है लेकिन हमारे समाज में एक समस्या यह है कि हमारे पास युवाओं की ऐसी पीढ़ियां हैं जिनके पास वे अवसर नहीं हैं जिनके वे हकदार हैं।

### अब तक 122 नेताओं का चुनाव लड़ने से इनकार

**लंदन।** ब्रिटेन में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही पीएम ऋषि सुनक को एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी में लगातार सासंदों का इस्तीफा जारी है। हाल ही में टोरी पार्टी के पुराने नेता माइकल गोव और आंद्रे लिडसम ने राजनीति को अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही सुनक की पार्टी में राजनीति से संन्यास लेने वाले कुल सांसदों की संख्या 78 हो गई है। माइकल गोव से पहले रक्षा मंत्री बेन वालेस, पूर्व पीएम थेरेसा मे, साजिद जाविद, डोमिनिक राब, मैट हैनकॉक, नदीम जहावी जैसे दिग्गजों ने भी अगला आम चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं।

गर्व के पल | भारतीय फिल्मकारों के लिए शानदार रहा यह साल

## कान महोत्सव में भारत के नाम तीन पुरस्कार

कान, एजेंसी



पुरस्कार के साथ पायल कपाड़िया व अन्य। ● एजेंसी

भारत के लिए इस साल का कान फिल्म महोत्सव शानदार रहा और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो, और द शेमलेस की अनसूया सेनगुप्ता को अलग-अलग श्रेणी में प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

शनिवार को संपन्न हुआ 77वां संस्करण निस्संदेह देश के लिए सबसे अच्छा रहा, इस दौरान आठ भारतीय या भारत पर आधारित फिल्मों को पुरस्कार प्रतिस्पर्धाओं में जगह मिली। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहले भारतीय फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हमारी फिल्म को यहां तक लाने के लिए कान फिल्म महोत्सव का शुक्रिया। एक और भारतीय फिल्म के लिए कृपया 30 साल तक इंतजार न करें। फिल्म को पाम डि''ओर के बाद महोत्सव के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रां प्री से सम्मानित किया गया है। अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को अनोरा के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डि''ओर से सम्मानित किया गया। कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा और छाया कदम अभिनीत मलयाली-हिंदी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट मुंबई में सड़क यात्रा पर निकलीं तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। कपाड़िया की फिल्म 30 वर्षों में मुख्य प्रतियोगिता में दिखाई गई पहली भारतीय फिल्म और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले आखिरी बार शाजी एन करुण की फिल्म स्वाहम (1994) प्रदर्शित की गई थी।

बुल्गारियन निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की द शेमलेस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रोडक्शन डिजाइनर सेनगुप्ता अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले, कान महोत्सव के लिए चुनी गईं भारतीय फिल्मों में मृणाल सेन की खारिज (1983), एम एस सथ्यू की गर्म हवा (1974), सत्यजीत रे की पारस पत्थर (1958), राज कपूर की "आवारा" (1953) वी शांताराम की अमर भूपाली (1952) और चेतन आनंद की नीचा नगर (1946) शामिल हैं।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 670 की मौत का अनुमान

**मेलबर्न।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने रविवार को अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है।

दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था। एक्टोप्राक ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा वे अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी।

## सीमा निगरानी पर अमेरिका और द. कोरिया को चेतावनी

सोल, एजेंसी

- उ. कोरिया ने कहा- देश की संप्रभुता व सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

उत्तरी कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर अंतर कोरियाई सीमा पर निगरानी गतिविधियों को बढ़ाने का आरोप लगाया है।



इसी के साथ उत्तर कोरिया ने चेतावनी भी दी कि देश की संप्रभुता और सुरक्षा का उल्लंघन होने पर वह इसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा।

उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री किम गैंग ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की कठपुतली वायुसेना पूरे दिन बहुत ही कम समय के अंतराल पर हवाई जासूसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। किम ने आगे कहा जब देश की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा होगा, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

### दक्षिण कोरिया ने मिसाइल की विकसित

दक्षिण कोरिया ने लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एल–एसएएम) प्रणाली का विकास पूरा कर लिया है, जो 50 से 60 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि एल–एसएएम का उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है और सशस्त्र बलों को यह प्रणाली 2028 में प्राप्त होगी।